गैरसैंण, शनिवार
9 मार्च 2024
वर्षः 14
अंकः 295 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# मुख्यमंत्री ने नैनीताल जिले को दी करोड़ों की योजनाओं की सौगात

◆हल्द्वानी में किया 778 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास◆काठगोदाम बस टर्मिनल से पूरे कुमाऊं के लोगों को मिलेगा लाभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को हल्द्वानी में 778.14 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया, जिसमें काठगोदाम रोडवेज बस टर्मिनल, आरटीओ कार्यालय व अन्य योजनायें शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने महाशिवरात्रि व महिला दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि देवभूमि का मूल स्वरूप किसी भी कीमत पर बिगड़ने नहीं दिया जायेगा। कहा कि बनभूलपुरा घटना को अंजाम देने वाले एक-एक दंगाई को जब तक सलाखों के पीछे नहीं डाल दिया जाता, तब तक हमारी सरकार चैन से नहीं बैठेगी। जिन लोगों ने कानून के काम को रोकने का कार्य किया है जो भी दोषी होगा उनके खिलाफ जांच होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिन लोगों ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुचाया है वसूली भी उन्ही दंगाइयों से होगा।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी में रोडवेज बस टर्मिनल, आरटीओ कार्यालय, ड्राइविंग सेंटर सहित यह निर्माण कार्य कई साल पहले तैयार हो जाने चाहिए थे, लेकिन सरकार द्वारा तमाम ऐसे कार्य किये जा रहे हैं, जो पूर्व सरकारों की इच्छाशक्ति की कमी के कारण नहीं हो पाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि जैसे पवित्र भूमि पर लंबे समय से सरकारी भूमि पर लैंड जिहाद का खतरनाक षड़यंत्र रचा जा रहा है। सिंचाई विभाग, वन विभाग, नगर निगम सहित अन्य विभागों की सरकारी भूमि पर कब्जे की नीयत से कथित धार्मिक स्थल बनाकर उन्हें कब्जाया जा रहा था। सरकार द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाकर लगभग 3500 एकड़ से अधिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है। उन्होंने कहा कि देवभूमि में अतिक्रमण अभियान भविष्य में भी चलता रहेगा। सरकार जनता का दुःख दर्द समझती है सरकार द्वारा व्यापारियों हेतु वैडिंग जोन बनाये जाने की भी बात मुख्यमंत्री ने कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा जिन योजनाओं का शिलान्यास किया जा रहा है समयावधि के भीतर उन योजनाओं को पूर्ण कर लोकार्पण भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोडवेज बस टर्मिनल, आरटीओ कार्यालय, ड्राइविंग स्कूल का निर्माण होने से जहां रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, वहीं इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। अब आम जनता को वाहनों से सम्बन्धित कार्यों के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने का जो ''विकल्प रहित संकल्प'' हमने लिया है। उत्तराखण्ड की देवतुल्य जनता के विश्वास और सहयोग से हम निश्चित रूप से सफल होंगे। इस मौके पर केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, दीवान सिंह बिष्ट, डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, सरिता आर्या, रामसिंह कैडा, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री डॉ. अनिल कपूर डब्बू, सुरेश भट्ट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल, पूर्व मेयर डॉ. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला, सचिव परिवहन अरविंद सिंह हयांकी, जिलाधिकारी वंदना, एसएसपी पीएन मीणा, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा के साथ ही बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सीएम ने लाभार्थियों को बांटे चेक

इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के 10 लाभार्थियों को चेक प्रदान किये गये। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत लखपति दीदी योजना के अन्तर्गत 10 स्वयं सेवी संस्थाओं को 4 करोड़ 6 लाख 50 हजार के चेक प्रदान किये गये। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना के तहत जनपद की 40 बालिकाओं 10-10 हजार के चेक दिये गये। समाज कल्याण विभाग द्वारा 7 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल तथा 10 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर दी गई। कृषि विभाग के 25 कृषको को सम्मानित किया गया। बनभूलपुरा घटना में पत्रकारों के दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त होने पर मुख्यमंत्री विवेकाधीन राहत कोष से 10 लाख का चेक प्रदान किया।

# आचार संहिता से पहले घोषित हो केंद्र की तरह महंगाई भत्ता

**देहरादून(सं)।** उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक समन्वय समिति ने केंद्र सरकार की तर्ज पर उत्तराखंड में भी चार प्रतिशत बढ़े हुए महंगाई भत्ता का लाभ देने की मांग की। सोमवार 11 मार्च को होने वाली कैबिनेट बैठक में कर्मचारियों को लाभ देने पर जोर दिया।

केंद्र सरकार ने गुरुवार को ही केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता चार प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया है। इसी तर्ज पर राज्य कर्मचारियों ने भी उत्तराखंड के राजकीय कर्मचारियों का भी जनवरी 2024 से बढ़ने वाले चार प्रतिशत महंगाई भत्ते का जल्द लाभ देने की मांग शुरू कर दी है। कर्मचारियों को चिंता है कि जल्द ही लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने जा रही है। यदि आचार संहिता लगने से पहले महंगाई भत्ता बढ़ाने का फैसला नहीं हुआ, तो जून से पहले लाभ मिलना मुश्किल है। ऐसे में कर्मचारियों ने 11 मार्च को होने वाली कैबिनेट बैठक में लाभ देने की मांग तेज कर दी है। समन्वय समिति के सचिव संयोजक पूर्णानंद नौटियाल और शक्ति प्रसाद भट्ट ने कहा कि सरकार इस बार महंगाई भत्ते का लाभ देने में देरी न करे।

हर हाल में चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले ही महंगाई भत्ता बढ़ाने का आदेश करे।

राज्य कर्मचारियों ने जनवरी 2024 से बढ़े हुए चार प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ देने की मांग तेज कर दी है। उधर राज्य निगम कर्मचारियों को अभी तक जुलाई 2023 से ही बढ़े हुए महंगाई भत्ते का लाभ नहीं मिल पाया है।

राज्य निगम कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष सूर्यप्रकाश राणाकोटी ने कहा कि सरकार इस बार जब भी महंगाई भत्ता बढ़ाने का आदेश करे, तो निगम कर्मचारियों के लिए भी जुलाई 2023 से लेकर जनवरी 2024 से महंगाई भत्ता बढ़ाया जाए। राज्य निगम कर्मचारी अधिकारी महासंघ अध्यक्ष दिनेश गोसाईं और महासचिव बीएस रावत ने कहा कि जुलाई 2023 से महंगाई भत्ता बढ़ाने की फाइल को सीएम अनुमोदन दे चुके हैं। जल्द जुलाई 2023 और जनवरी 2024 से बढ़े हुए डीए का लाभ देने का आदेश जारी किया जाए।

# शिवरात्रि पर भक्तों के लिए बड़ी खुशखबरी, 10 मई को खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

**उखीमठ, एजेंसी।** उत्तराखंड में हिमालय की कंदराओं में स्थित 11वें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट इस वर्ष 10 मई को प्रातः सात बजे खुलेंगे। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के मीडिया प्रभारी डॉ हरीश गौड़ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आज शिवरात्रि के अवसर पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में रावल, आचार्य और वेदपाठियों ने श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ में पूजा–अर्चना, विधि–विधान, पंचांग गणना पश्चात श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित की। इस दौरान श्री औंकारेश्वर मंदिर को 11 क्विंटल फूलों से सजाया गया था। डा. गौड़ ने बताया कि



आगामी 05 मई को श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ में भैरवनाथ जी की पूजा स्पन्न होगी। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली 06 मई को यहां से विभिन्न पड़ावों से होते हुए केदारनाथ धाम प्रस्थान करेगी और इसी दिन पहले पड़ाव गुप्तकाशी, 07 मई को दूसरे पड़ाव फाटा, 08 मई को तीसरे पड़ाव गौरीकुंड होते हुए 09 मई शाम को श्री केदारनाथ धाम पहुंचेगी।

# 2026 में ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक दौड़ेगी ट्रेन, खोदाई का 70 फीसदी काम पूरा

**ऋषिकेश।** राष्ट्रीय व सामरिक महत्व की ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना में सुरंगों की खोदाई का कार्य करीब 70 फीसदी पूर्ण हो गया है। रेलवे विकास निगम का कहना है कि वर्ष 2025 तक सुरंगों की खोदाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। आरवीएनएल का दावा है कि 2026 के अंत तक रेल चलनी शुरू हो जाएगी।

शुक्रवार को रेलवे विकास निगम (आरवीएनएल) परिसर में ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना के मुख्य परियोजना प्रबंधक अजीत सिंह यादव ने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मापदंडों में कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। अनुभवी कंपनियों को कार्य दिया गया है।

मुख्य व सहायक सुरंगों की कुल 213 किमी में से 153 किमी खोदाई हो चुकी है। मुख्य सुरंगों की कुल लंबाई 104 किमी है। जिसमें से 75 किमी की खोदाई हो चुकी है। यादव ने कहा कि सभी



सहायक सुरंगें हाईवे से जोड़ी जाएंगी। जिससे कि आवश्यकता पड़ने पर यात्रियों को सीधे हाईवे पर निकाला जा सके।

कहा, सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत विभिन्न क्षेत्रों में करीब एक करोड़ से अधिक लागत के कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर डीजीएम ओपी मालगुड़ी, भू वैज्ञानिक विजय डंगवाल, हेमेंद्र कुमार, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

अजीत सिंह यादव ने बताया कि प्रयास किया जा रहा है कि जून माह तक पटरी बिछाने का कार्य शुरू कर दिया जाए। पटरी बिछाए जाने के लिए निविदा प्रक्रिया जारी है। 20 फरवरी को तकनीकी बिड खोल दी गई है। इसके रिव्यू के बाद अप्रैल माह में वित्तीय बिड भी खोल दी जाएगी। जिसके एक दो माह बाद पटरी बिछाने का कार्य आवंटित कर दिया जाएगा। कहा, परियोजना में कुल 16 रेलवे पुल भी हैं जिनमें से चंद्रभागा, गूलर, लक्ष्मोली व श्रीनगर के रेलवे पुल बन कर तैयार हो चुके हैं। शेष 12 पुलों का निर्माण कार्य भी 50 फीसदी पूर्ण हो चुका है।

आरवीएनएल अपने सीएसआर फंड के तहत 10 किमी लंबे कीर्तिनगर जनासू मोटर मार्ग व करीब 14 किमी लंबे देवप्रयाग–पौड़ी मोटर मार्ग का सुदृढ़ीकरण कर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों मार्गों पर डामरीकरण के साथ ही सुरक्षात्मक कार्य किए जाएंगे। करीब 25 करोड़ की लागत से दोनों मोटर मार्गों का कार्य किया जा रहा है। कीर्तिनगर–जनासू मोटर मार्ग का कार्य करीब 50 फीसदी पूर्ण हो चुका है। जबकि देवप्रयाग–पौड़ी मोटर मार्ग पर जल्द कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

सीपीएम अजीत सिंह यादव ने बताया कि परियोजना में कुल 12 स्टेशन हैं। जिनमें से वीरभद्र और योगनगरी रेलवे स्टेशन बन कर तैयार हो चुके हैं। अब 10 स्टेशन बनने हैं। स्टेशन निर्माण के लिए अगस्त तक टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी। बड़े स्टेशनों में श्रीनगर व कर्णप्रयाग शामिल हैं। जनासू व देवप्रयाग स्टेशनों का कुछ हिस्सा टनल के भीतर है। बाकी सभी स्टेशन टनल के बाहर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भूस्खलन से क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत न होने से काश्तकारों में रोष

**रूद्रप्रयाग** : जखोली की ग्राम पंचायत त्यूंखर में दो वर्ष पूर्व हुए भारी भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हुए सम्पर्क मार्गों की मरम्मत नहीं होने पर काश्तकारों ने रोष जताया है। काश्तकारों ने शासन प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि भले ही जिला प्रशासन द्वारा आपदा से क्षतिग्रस्त काश्तकारों के खेत, खलिहानों व आवासीय भवनों का अतिवृष्टि के चलते हुए नुकसान का फौरी तौर पर आर्थिक मदद दी गयी थी, लेकिन आपदा के चलते गांव के जिन-जिन तोकों में सम्पर्क पैदल मार्ग पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गये थे, उन क्षतिग्रस्त मार्गों में से केवल तीन ही पैदल मार्गों की मरम्मत हो पायी है, जबकि त्यूंखर गांव के खेन्जवा बस्ती में जहां 15 परिवार रहते हैं, आपदा के चलते लगभग 20 मीटर पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था। वहां इन परिवारों के मवेशियों व स्वयं चलने का यही एक मात्र रास्ता है, जिस स्थान पर यह रास्ता क्षतिग्रस्त हो रखा है। उस जगह से लोग जान जोखिम में डालकर आना जाना करते हैं। ग्रामीणों में शरत सिंह पंवार, बलवीर पंवार, गम्भीर सिंह पंवार, गीता देवी आदि का कहना है कि आपदा के दो साल बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन ने इस क्षतिग्रस्त रास्तों को बनवाने की जरूरत नहीं समझी। वहीं दूसरा क्षतिग्रस्त रास्ता त्यूंखर गांव के ही पहड़ नामी तोक में है, वहां भी कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है। लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधि भी जनता की सुध नहीं लेते हैं, केवल चुनाव के समय ही नेताओं को जनता की याद आती है। प्रभावित लोगों ने शासन प्रशासन से शीघ्र सम्पर्क रास्तों के मरम्मत करने की मांग की है। (एजेंसी)

### रसोई गैस पर सौ रुपये छूट महिलाओं को सौगात:भट्ट

**देहरादून(सं)।** भाजपा ने रसोई गैस सिलेंडर पर सौ रुपये की छूट देने पर इसे महिलाओं के लिए सौगात बताया है। कहा कि मोदी सरकार के इस फैसले से बड़ी आबादी को लाभ मिलेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ऐलान पर आभार जताया। कहा कि उज्ज्वला कनेक्शन पर सब्सिडी जारी रखने के बाद, यह निर्णय पुनः बताता है कि पीएम मोदी जन– जन के स्वाभाविक अभिभावक हैं। कहा कि सरकार का यह फैसला माताओं– बहिनों के जीवन को आसान बनाने के साथ करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम करेगा। इससे पूर्व भी सरकार अगस्त माह में सिलेंडर की कीमत में 200 रुपए पहले भी कम कर चुकी है। भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार 300 रुपए की सब्सिडी उज्ज्वला कनेक्शन पर दे रही है, वहीं राज्य की धामी सरकार भी तीन सिलेंडर रिफिल मुफ्त दे रही है। इस तरह प्रदेश में उज्ज्वला सिलेंडर को न्यूनतम कीमत पर देकर भाजपा सरकार अंतोदय परिवारों के घरों को रोशनी से भर रहे हैं। उधर, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने भी पीएम मोदी के इस फैसले पर आभार जताया। कहा कि यह फैसला लाखों परिवारों का जीवन सुगम और खुशहाल बनाने के साथ–साथ देश की नारी शक्ति को और सशक्त करने वाला है। बंसल ने कहा कि इससे माताओं–बहनों के आर्थिक बोझ को कम करने के साथ–साथ उन्हें उत्तम स्वास्थ्य व खुशहाल जीवन प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

### प्रदेश के पीयूष पुरोहित को बेस्ट नैनो क्रिएटर अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने पर सीएम धामी ने की प्रसन्नता व्यक्त

**देहरादून(सं)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड में प्रदेश के पीयूष पुरोहित को बेस्ट नैनो क्रिएटर अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने पीयूष पुरोहित को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की है, उन्होंने कहा कि पीयूष को मिला सम्मान राज्य का भी सम्मान है तथा इससे विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार के लिये प्रदेश के युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

### सैनिक कल्याण विभाग को मिला स्कॉच अवार्ड

**देहरादून(सं)।** पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों तक पहुंच बनाने को लेकर किए जा रहे प्रयासों पर सैनिक कल्याण विभाग का स्कॉच अवार्ड के लिए चयन किया गया है। उत्तराखंड की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद सैनिक कल्याण विभाग ने पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों तक अपनी पहुंच बनाने को तकनीक का इस्तेमाल किया। अपने इन प्रयासों के लिए विभाग ने अवार्ड के लिए नामांकन किया। स्कॉच अवार्ड 2024 मिलने पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, सचिव सैनिक कल्याण दीपेन्द्र चौधरी, निदेशक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर अमृत लाल ने बधाई दी। विभाग ने आउटरीच कार्यक्रम के तहत जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों में नियमित रूप से शिविरों का आयोजन किया। सभी जिलों में बायोमेट्रिक डिवाइस के माध्यम से पूर्व सैनिकों का सत्यापन कराया जा रहा है। गांवों में ब्लॉक प्रतिनिधि ने भ्रमण किए। तीन महीने में 847 शिविर, भ्रमण शिविरों का आयोजन हुआ।

### मेडिकल कालेजों में दूर होगी असिस्टेंट प्रोफेसरों की कमी: धन सिंह

**देहरादून(सं)।** राजकीय मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल फैकल्टी की कमी को जल्द दूर किया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इसके लिए उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड की प्रतिक्षा सूची में चयनित 20 असिस्टेंट प्रोफेसर की तैनाती को मंजूरी दे दी है। इन सभी चयनित असिस्टेंट प्रोफेसरों को मेडिकल कॉलेजों में खाली पदों पर जल्द तैनाती दी जाएगी। मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी नियुक्त होने से जहां कॉलेजों में न सिर्फ शिक्षकों की कमी दूर होगी, बल्कि मेडिकल कालेजों में आने वाले मरीजों को भी बेहतर इलाज मिल सकेगा। कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी को दूर करने को लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कमी को दूर करने को वेटिंग लिस्ट में रहे 20 असिस्टेंट प्रोफेसर की तैनाती को मंजूरी दी है। जल्द नियुक्ति आदेश जारी कर दिए जाएंगे। राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून में सबसे अधिक सात असिस्टेंट प्रोफेसर की तैनाती की जाएगी। राजकीय मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा में पांच, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में चार, राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में तीन, राजकीय मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर में एक असिस्टेंट प्रोफेसर की तैनाती की जाएगी। असिस्टेंट प्रोफेसर के 339 पदों पर भर्ती का प्रस्ताव उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को भेजा गया था। इसके सापेक्ष बोर्ड ने चयनित विभिन्न फैकल्टी के 171 असिस्टेंट प्रोफेसर को मेडिकल कॉलेजों में तैनाती दी गई।

### घर, संस्थान व कार्यस्थलों में महिलाओं की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण: प्रो. डंगवाल

**देहरादून(सं)।** दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने विवि की महिला कर्मियों के साथ अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हुए महिलाओं के अधिकारों, दायित्व एवं उनके विकास पर संवाद किया। दून विवि परिसर में हुए आयोजन में उन्होंने कहा कि महिला समाज के निर्माण की महत्वपूर्ण धुरी है। किसी भी संस्थान में महिलाओं का दायित्व पुरुष कर्मियों की तुलना में कहीं से भी कम नहीं है। इसलिए हमें अपने अधिकारों के साथ–साथ दायित्वों का निर्वाहन बड़ी जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। घर से लेकर संस्थान व कार्यस्थलों में महिलाओं की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। इस दायित्व का बोध मस्तिष्क में रहेगा तो संस्थान के विकास के लिए भी सहायक होगा। कार्यस्थल के साथ ही समाज परिवार और संस्थान के दायित्वों के मध्य उचित सामंजस्य स्थापित करना होगा। कुलपति ने कहा कि कभी–कभी हमें लगता है कि हम पुरुष सहकर्मियों के मुकाबले शायद कम सक्षम है, क्योंकि हम परिवार और समाज में अलग जिम्मेदारियों को प्रस्तुत करते हैं, परंतु ऐसा सोचना बिल्कुल भ्रामक है। इस अवसर पर महिला कर्मियों ने भी अपने विचार रखे।

# दो करोड़ से सुधरेगी सेलाकुई की दो सड़कों की दशा

**विधायक पुंडीर ने किया सुधारीकरण कार्य का पूजा अर्चना कर शुभारंभ**



**विकासनगर(सं)।** महाशिवरात्रि पर्व पर सेलाकुई में शहीद सत्येंद्र चौहान मार्ग और भद्रकाली मार्ग का सुधारीकरण कार्य विधायक सहदेव पुंडीर ने पूजा अर्चना कर शुरू कराया। मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग करेगा। विधायक ने कहा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर यह शुभ कार्य किया गया है, जिसका निश्चित रूप से जनता को लाभ मिलेगा। 3.5 किलोमीटर लंबे शहीद सत्येंद्र चौहान मार्ग का नवीनीकरण कार्य लगभग 82 लाख की लागत से पूर्ण किया जाएगा। जबकि 7.8 किमी लंबे भद्रकाली मार्ग का सुधारीकरण कार्य 1.24 करोड़ की लागत से कराया जाएगा। दोनों मार्गों का सुधारीकरण होने पर करीबत पांच हजार की जनता को यातायात की बेहतर सुविधा मिलेगी। बताया कि भ्रदकाली मार्ग का कुछ हिस्सा आरक्षित वन क्षेत्र में आने के कारण सुधारीकरण के लिए अनापत्ति मिलने में देरी हुई, लेकिन अब निर्धारित समय पर मार्ग का सुधारीकरण कार्य पूरा करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना ही सरकार का कर्तव्य है। कार्य पूर्ण होते ही नगर पंचायत वासियों और आगुंतकों को आवागमन में हो रही समस्या से निजात मिलेगी। बताया कि अभी आधा दर्जन मार्गों को वन विभाग की अनापत्ति मिलनी है। इन मार्गों के सुधारीकरण का कार्य भी लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पूर्व शुरू करा दिया जाएगा। इस दौरान अनिल नौटियाल, जिला अध्यक्ष मीता सिंह, नरगिस कश्यप, मनोज पंवार, नवीन रावत, शूरवीर चौहान, भगत सिंह राठौर, प्रमोद सिंह, वीरता गुरुंग, विनोद पाल आदि मौजूद रहे।

## मुन्स्यारी की महिलाओं की अदम्य शक्ति की कथा है वीमेन ऑफ मुनस्यारी

**देहरादून।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रसिद्ध फिल्मकार भारतबाला ने पिथौरागढ़ के मुनस्यारी की महिलाओं की अदम्य शक्ति और जंगल की दिव्य चेतना के मध्य एक अलौकिक सम्बन्ध की मनोरम कथा "वीमेन ऑफ़ मुनस्यारी" को रीलिज किया है।

महिला निर्देशक रचिता गोरोवाला की यह शॉर्ट फिल्म पहाड़ की नारीत्व और प्रकृति की अद्भुत सुंदरता की एक हृदयस्पर्शी कहानी है। यह फिल्म उत्तराखंड सीरीज की फिल्मों की श्रृंखला में नवीनतम पेशकश है, जो वर्चुअल भारत और रूरल इंडिया सपोर्टिंग ट्रस्ट (आरआईएसटी) के सहयोग से बनाई गई है। मुनस्यारी की महिलाओं कमला पांडे, बीना नितवाल, हीरा टोलिया, बसंती रावत, बीना वर्मा व मलिका विरदी के लिए मुनस्यारी के मनमोहक जंगल उनका मायका है। ये महिलाएं इन अलौकिक वनों की संरक्षकों के रूप में यहां विचरण करती हैं। जंगलों की ये प्रहरी महिलाएं मानों यहां के शापित जल और रूढ़िवादिता की जंजीरों से प्रेरणा और जीवन–शक्ति प्राप्त करती हैं, ऐसा प्रतीत होता है जैसे मुनस्यारी के जंगलों की दिव्य चेतना से प्रेरित ये प्रहरी महिलाएं अपने जंगलों की रक्षा और संरक्षण के लिए खुद शक्तिरूपा हो जाती हैं। मुनस्यारी की महिलाएं पहाड़ों में 100 साल से अधिक समय से प्रचलित वन पंचायत प्रणाली की रक्षा कर रही हैं। उन्हें ये अच्छे से पता है कि जंगल की समृद्धि उनके अपने अस्तित्व से जुड़ी हुई है। क्रिएटर भारतबाला की यह फिल्म उत्तराखंड सीरीज की "गंगा:डॉटर ऑफ हिमालया", "वीमेन ऑफ़ अल्मोड़ा" और "नोमैड्स लैंड: वन गुज्जर्स" की प्रशंसित कहानियों की विरासत को आगे बढ़ाती है। डॉटर ऑफ हिमालया को दो मिलियन व वीमेन ऑफ अल्मोड़ा की फिल्मों को यू–ट्यूब पर 93 हजार लोग देख चुके हैं।

## पुराने मुकदमे के विवाद में युवक पर फायरिंग

**देहरादून(सं)।** पुराना मुकदमा वापस नहीं लेने पर आरोपियों ने अपने साथ मिलकर दो युवकों पर फायर झोंक दिया। दोनों ने मौके से किसी तरह भागकर जान बचाई। मामले में रायपुर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307 व अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि मोहित बिसला निवासी जभाला थाना असंध जिला करनाल ने तहरीर दी। बताया कि उसकी मंगेतर का गुरुद्वारा रोड करनपुर में साइबर कैफे है। वह अपनी भाई बहनों के साथ करनपुर में ही रहती है। आरोप है कि संगम चौहान का पिछले साल चुनाव का चंदा मांगने को लेकर उसकी मंगेतर के साइबर कैफे पर विवाद हुआ था। आरोपी ने भीड़ बुलाकर वहां तोड़फोड़ की थी। पुलिस ने बवाल, चोरी, छेड़छाड़ आदि की धाराओं में केस दर्ज किया था। संगम इसके बाद लगातार आरोपी और उसकी मंगेतर पर यह मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा था।

## डालनवाला में इस्कॉन मंदिर के भक्ति सेंटर का भूमि पूजन

**देहरादून(सं)।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को डालनवाला के कर्जन रोड में इस्कॉन मंदिर भक्ति सेंटर का भूमि पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यह जमीन दून के व्यवसायी अमित व अनुज अग्रवाल ने अपने पिता की स्मृति में इस्कॉन को दान दी है। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि शिवरात्रि के सबसे शुभ दिन भक्ति केंद्र का भूमि पूजन सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूती देगा। इस्कॉन हमारी समृद्ध भारतीय विरासत के सांस्कृतिक मूल्यों और आध्यात्मिक ज्ञान को विकसित करने में सेवारत है। प्रगतिशील मानव सभ्यता के लिए सनातन धर्म सबसे प्रमाणिक एवं उत्कृष्ट जीवन पद्धति है। यह समय हमारे लिए सनातन धर्म को समझने और भगवत गीता के सिद्धांतों को अपने जीवन में स्वीकार करने का समय है। राजपुर रोड विधायक खजानदास ने कहा कि इस्कॉन के संस्थापक श्रील प्रभुपाद दुनिया भर में भारतीय संस्कृति के राजदूत रहे हैं। इस्कॉन सेंटर के जगदीश प्रभु ने बताया कि दून के केन्द्र में इस्कॉन सेंटर बनने से अधिक से अधिक लोगों को संस्था से जोड़ने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में इस्कॉन अनुयायियों ने हरे नाम संकीर्तन भी किया। इस अवसर पर रजनी अग्रवाल, अमित अग्रवाल, संजय शर्मा, प्रवीन, रवि अग्रवाल, शरद शर्मा आदि इस्कॉन अनुयायी उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर टपकेश्वर मंदिर कैबिनेट मंत्री ने की शिवोपासना

**देहरादून(सं)।** महाशिवरात्रि पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, प्रेमचंद अग्रवाल और रेखा आर्य भी जलाभिषेक के लिए शिवालयों में पहुंचे। जोशी और अग्रवाल टपकेश्वर मंदिर, जबकि रेखा आर्य ने चंद्रबनी स्थित चंद्रेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने महाशिवरात्रि पर गढ़ी कैंट स्थित टपकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। कैबिनेट मंत्री ने प्रदेश की उन्नति और राज्य वासियों की सुख समृद्धि की कामना भी की। उन्होंने महंत कृष्णा गिरी महाराज, दिगम्बर भरत गिरी से भी मुलाकात की। इधर, शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल भी सपरिवार टपकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया।

**महादेव से मिलती है शक्ति:रेखा आर्या**

महाशिवरात्रि पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने चंद्रेश्वर महादेव मंदिर में महादेव का रूद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि यह महापर्व हर किसी के जीवन में नई ऊर्जा लेकर आए और अमृतकाल में देश के संकल्पों को नई ताकत भी दे। महाशिवरात्रि भगवान शिव की सबसे बड़ी रात्रि के रूप में जानी जाती है। महाशिवरात्रि पर रखा जाने वाला व्रत शारिरिक, मानसिक व आध्यात्मिक संपूर्णता के लिए आवश्यक है।

**कुटुंब परिवार संगठन लिया विकसित भारत का संकल्प**

महाशिवरात्रि पर कुटुंब परिवार संगठन ने चुक्खुवाला के श्री राम मंदिर में स्थित शिवलिंग में महामृत्युंजय का जाप कर विकसित भारत के संकल्प लिया। संस्था को समाज में व्यपत समाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए सामर्थ्य मांगा। मौके पर कुटुंब परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण गोपाल रूहेला, उत्तराखंड प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष मनीष रूहेला, महामंत्री कुलदीप सिंह ललकार, अमित वर्मा, मनप्रीत सिंह, राकेश शर्मा, राकेश भट्ट, वेद गुप्ता, मनीष मंत्री मौजूद रहे।

## भागवत कथा श्रवण से दूर होते हैं समस्त कष्ट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भागवत कथा महापुराण के पांचवे दिन वेदाचार्य पंडित देवी प्रसाद भट्ट ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से मनुष्य के समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं।

कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत मानपुर स्थित खंतवाल मोहल्ले में चल रही भागवत कथा में पंडित देवी प्रसाद ने कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से मनुष्य के समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं। आज मनुष्य भगवान भक्ति छोड़कर विषय वस्तुओं को भोगने में लगा हुआ है। कहा कि भागवत जीवन दर्शन का ग्रंथ है। भागवत कथा वैराग्य को जागृत करने वाली कथा है। भगवान की कृपा से ही मनुष्य को भागवत कथा श्रवण का अवसर प्राप्त होता है। इस मौके पर आचार्य कृष्णानंद गोदियाल, रमेश चंद, मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

## सतपुली महाविद्यालय में उद्यमिता विकास कार्यक्रम 11 से

**कोटद्वार** : राजकीय महाविद्यालय सतपुली में 11 मार्च से 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय के देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी विपिन चंद्र ने बताया कि उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद की ओर से महाविद्यालय के चयनित छात्र-छात्राओं एवं उद्यमिता में रुचि रखने वाले 45 वर्ष तक के स्थानीय युवाओं को इस कार्यक्रम में उद्यमिता से संबंधित विभिन्न पहलुओं का विषय विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में बिजनेस स्टार्ट करने, बिजनेस में फंडिंग करने वाली संस्थाओं, स्टार्टअप, स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार की पहचान आदि के संबंध में जानकारी के साथ ही क्षेत्रीय भ्रमण का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

## बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं का किया सम्मान

**पौड़ी** : खिर्सू में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्षेत्र की महिला समूह, महिला मंगल दलों के साथ बच्चों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

शुक्रवार को ब्लाक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख खिर्सू भवानी गायत्री ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कहा कि चाहे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार हो या फिर प्रशासनिक, इंजीनियरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं नाम रोशन कर रही हैं। क्षेत्र में महिलाओं को समूह के माध्यम से जोड़ा गया, जिससे वे आज स्वरोजगार अपनाकर अपनी आर्थिकी को भी मजबूत कर रही हैं।

## शत प्रतिशत मतदान को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

**पौड़ी** : लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी ब्लाकों में मतदाताओं को मतदान के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। साथ ही गांव से बाहर रह रहे मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें अपने ही गांव में मतदान करने की अपील भी की जा रही है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान को लेकर सभी मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए जिले के सभी ब्लाकों में कंट्रोल रूम बनाकर प्रवासियों को फोन कर जागरूक किया जा रहा है। दिव्यांग मतदाताओं व बुजुर्ग मतदाताओं को सक्षम ऐप की जानकारी दी जा रही है। लोकसभा चुनाव में शतफीसदी मतदान के लिए शहर, गांवों सहित अन्य स्थानों में मतदाताओं को शपथ दिलाई जा रही हैं। वहीं स्कूली बच्चों द्वारा रंगोली, मेहंदी, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

# हर-हर महादेव व बम-बम भोले के जयघोष से गूंजे शिवालय

## कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया शिवरात्रि पर्व

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शुक्रवार को कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ था। श्रद्धालुओं ने पूरी भक्ति व श्रद्धा के साथ शिव-पार्वती का पूजन किया। गंगाजल और दूध से जलाभिषेक करने के बाद शिव का बेलपत्र और फूलों से श्रृंगार किया। इस दौरान शिवालय हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंजते रहे। दुगड्डा स्थित संगम पिपलेश्वर शनि व शीतला माता मंदिर में शिव महापुराण के साथ ही विशेष पूजन किया गया।

शिवरात्रि को लेकर देवालयों को मनमोहक फूलों से सजाया गया था। क्षेत्र के देवी मंदिर, घराट मंदिर, बाला जी मंदिर, सिद्धबली मंदिर, फलाहारी बाबा मंदिर, शिवालिक नगर स्थित शिवालय, दुर्गा माता मंदिर व दुगड्डा के संगम पिपलेश्वर शनि व शीतला माता मंदिर के साथ ही अन्य मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ी हुइ थी। शिव जलाभिषेक के लिए मंदिरों में लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थी। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए मंदिर समिति को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। महिलाओं की ओर से भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। वहीं, दुगड्डा में चल रही शिव पुराण में आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा ने भक्तों को शिव की महिमा के बारे में बताया। कहा कि मात्र जलाभिषेक से शिव अपने भक्तों के समस्त कष्ट दूर कर देते हैं। मंदिरों में प्रसाद वितरण भी किया गया। साथ ही देर क्षेत्र की महिलाओं की ओर से कीर्तन भी किया गया। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, पंडित राजेश बड़थ्वाल, कुलदीप सिंह रावत, अशोक गोयल, प्रीतम नेगी, मीरा अग्रवाल, रेखा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



दुगड्डा के संगम पिपलेश्वर शनि व शीतला माता मंदिर में शिव पूजन करते श्रद्धाल

# पुलिस ने महिलाओं को बताए उनके अधिकार

## नजीबाबाद रोड स्थित एक बारात घर में आयोजित की गई कार्यशाला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए कोटद्वार पुलिस की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस ने महिलाओं को साइबर अपराध के प्रति भी जागरूक किया। साथ ही जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की भी अपील की गई।

नजीबाबाद रोड स्थित एक बारात घर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपनिरीक्षक ममता मखलोगा ने कहा कि पुलिस महिलाओं से संबंधित अपराधों के प्रति गंभीरता से कार्य कर रही है। किसी भी तरह की परेशानी होने पर महिलाएं तुरंत अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन में संपर्क करें।

उन्होंने गौर शक्ति ऐप व साइबर अपराध के बारे में भी बताया। कहा कि वर्तमान में लगातार साइबर अपराध बढ़ता जा रहा है। जागरूकता के माध्यम से ही हम साइबर अपराध से बच सकते हैं। किसी भी अंजान व्यक्ति को फोन पर अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी न दें। ठगी होने पर तुरंत पुलिस व संबंधित बैंक से संपर्क करें। कार्यशाला में पुलिस ने महिलाओं से उत्तराखंड पुलिस एप डाउनलोड करने की भी अपील की। कहा कि इसके माध्यम से वह अपनी समस्या पुलिस तक पहुंचा सकती हैं। अपने आसपास किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधि की जानकारी भी पुलिस को दें। इस मौके पर सुमन पांथरी, कोमल राठौर आदि मौजूद रहे।



महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देती पुलिस कर्मी

## शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**पौड़ी** : शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व पर जिले भर के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर शहर के क्यूंकालेश्वर, लक्ष्मीनारायण, गगवाडस्यूं घाटी के देवलेश्वर, कल्जीखाल ब्लाक के थनूल गांव के सिद्धपीठ थानेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। यहां पर लोकगायक अनिल बिष्ट ने श्रद्धालुओं के साथ कीर्तन व भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी। उन्होंने शिवजी की बारात चली पार्वती का मैता के साथ ही शिवरात्रि के भजनों की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। श्रद्धालुओं ने शिवालयों पर जल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष जगमोहन डांगी, मुख्य अतिथि पंचायत महोत्सव के संयोजक जगदंबा डंगवाल, अनिल नेगी, मनमोहन सिंह, देवेंद्र रावत, सुंदर सिंह चौहान, वीरेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। वहीं थलीसैंण क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। हंसेश्वर महादेव शिव मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, ब्यासी शिव मंदिर में सुबह से ही शिव भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान लोगों ने भजन कीर्तन भी किये।

## रंगोली प्रतियोगिता में दीपा रही अव्वल

**कोटद्वार :** किंगडम आफ हेवन चाइल्ड केयर संस्था की ओर से महिला दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता में दीपा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयोजित कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष नवीन व निधि मैसी ने महिलाओं को उनके अधिकारों से जानकारी दी। कहा कि आज महिलाएं पुरुषों के साथ कांधे से कांधा मिलाकर देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। इस दौरान कबड्डी प्रतियोगिता में की टीम प्रथम स्थान पर रही। चम्मच रेस में लता, प्रणा, राधा, चीयर रेस में पूनम, कविता, लता, रंगोली में दीपा, सुषमा, कविता अलका ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# शहीदों के स्वजनों व सशक्त महिलाओं को किया सम्मानित

**कोटद्वार** : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दुर्गापुरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की कीर्तन मंडलियों के लिए सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें श्रद्धा कीर्तन मंडली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, कार्यक्रम में कारगिल शहीदों के स्वजनों के साथ समाज की सशक्त महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि देश की रक्षा में दिए गए वीर सैनिकों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

दुर्गापुरी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण विद् सच्चिदानंद भारती, सुनीता कोटनाला, रंजना रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम संयोजक गौरव जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में पचास से अधिक कीर्तन मंडलियों के लिए सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें श्रद्धा कीर्तन मंडली प्रथम, जय भवानी कीर्तन मंडली द्वितीय एवं भगवती कीर्तन मंडली तृतीय स्थान पर रही।

अतिथियों ने करागिल शहीद ललित की माता गायत्री देवी, शहीद दलबीर सिंह राणा की पत्नी विंदी राणा व शहीद मुकेश बिष्टे के स्वजनों को तिलू रौतेली गौरा देवी महिला सम्मान-2024 दिया। इस मौके पर समाज सेवी पुष्कर जोशी, किरण भट्ट, मीनाक्षी रावत, शिवांगी जोशी, सिमरन बिष्ट आदि मौजूद रहे।



# पहाड़ों की सशक्त महिलाओं को मंच ने किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से पहाड़ों की सशक्त 25 महिलाओं को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पहाड़ों में अपनी सेवाएं दे रही महिलाओं के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

दुगड्डा में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा, नगर पालिकाध्यक्ष भावना चौहान, क्षेत्रपंचायत सदस्य सुनीता कोटनाला, जाहिदा अहमद अंसारी ने किया।

वक्ताओं ने कहा कि आज महिलाएं पुरुषों के साथ कांधे से कांधा मिलाकर देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में कई समस्याएं होने के बाद भी समाज के क्षेत्र में कार्य कर रही महिलाओं के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।



आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करते सदस्य

**ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम**

मंच के अध्यक्ष प्रवेश चंद्र नवानी ने कहा कि कार्यक्रम में विमला आर्य, चंपा नेगी, बीना गौड़, कांता रावत, इंदु नौटियाल आदि को सम्मानित किया गया। इस मौके पर चंद्रप्रभा कंडवाल, जागेश्वर जोशी, पीएल खंतवाल, रिपुदमन बिष्ट, चंद्रप्रकाश नैथानी, नरेंद्र सिंह रावत, जनार्दन प्रसाद ध्यानी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिव प्रकाश कुकरेती, शंकर दत्त गौड़ व रिद्धि भट्ट ने किया।

## कोटद्वार से रेल सेवाओं के विस्तार की उठाई मांग

**कोटद्वार** : नागरिक मंच ने कोटद्वार से रेल सेवाओं में विस्तार की मांग की है। कहा कि गढ़वाल सैन्य बहुल्य क्षेत्र है। ऐसे में यदि सेवाओं में विस्तार किया जाता है तो इसका सैनिकों को काफी लाभ मिलेगा।

इस संबंध में मंच के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी व सचिव अतुल भट्ट ने रेल मंत्री को ज्ञापन भेजा। बताया कि कोटद्वार से आनंद बिहार टर्मिनल सेवा प्रारंभ होने से क्षेत्रवासियों को इसका बेहतर लाभ मिल रहा है। कहा कि दोपहर में कोटद्वार पहुंचने वाली रेल यान धुलाई के लिए 25 किलोमीटर दूर नजीबाबाद जाती है। यदि इस दौरान यात्रियों को लेकर भी यह रेल जाएगी तो इससे सवारियों को लाभ मिलेगा। कहा कि कोटद्वार से मुंबई, कलकत्ता, जम्मू तक भी रेल सेवाओं का विस्तार किया जाना चाहिए।

## श्रीनगर के शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**श्रीनगर गढ़वाल** : महाशिवरात्रि पर नगर क्षेत्र के शिवालय भोले बाबा के जयकारों से गूंज उठे। हर-हर महादेव और ओम नमः शिवाय के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। वहीं नागेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार को चार पहर आरती और रुद्रीपाठ का आयोजन किया गया। नगर क्षेत्र के सिद्धपीठ कमलेश्वर महादेव, किलकिलेश्वर महादेव, नागेश्वर महादेव, चंद्रेश्वर महादेव मंदिर, कटकेश्वर महादेव, अल्केश्वर महादेव मंदिर, शंकरमठ सहित नगर क्षेत्र के अनेकों मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने भोले बाबा को बेर, धतूरा, बेल-पत्र, गंगा जल और दूध से भोले बाबा का विधिवत रूप से जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। शिवालयों में शिव भक्त बड़े-बुजुर्ग, युवतियां लंबी-लंबी कतारों में लगकर अपनी बारी आने पर पूजा-अर्चना के लिए उत्सुक नजर आये। नगर क्षेत्र के शिवालयों में सुबह से ही लम्बी कतारें देखने को मिली। इस मौके पर कमलेश्वर मंदिर के महंत आशुतोष पुरी, शाश्वत धाम लछमोली में स्वामी अद्वैतानंद महाराज, नागेश्वर महादेव मंदिर के महंत नितिन पुरी ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। (एजेंसी)

## स्नातकोत्तर विषय में प्रवेश के लिए होगी परीक्षा

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए स्थिति स्पष्ट कर दी है। लम्बे समय से पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए छात्र-छात्राओं के साथ ही गढ़वाल विवि के सम्बद्ध महाविद्यालयों और कॉलेजों में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन अब गढ़वाल विवि ने स्नातकोत्तर विषय में प्रवेश को लेकर स्थिति साफ कर दी है। गढ़वाल विवि प्रशासन के अनुसार वर्ष 2024-25 की बीएड, बीपीएड, एमपीएड, एमएड सहित स्नाताकोत्तर में दाखिले के लिए प्रवेश प्रक्रिया आयोजित की जायेगी।

## भाजपा का विधानसभा कार्यालय खुला

**श्रीनगर गढ़वाल** : लोकसभा चुनाव को लेकर श्रीनगर में भाजपा ने विधानसभा कार्यालय खोला है। गुरवार को कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि लोकसभा चुनाव सही से सम्पन्न हो सके इसके लिए श्रीनगर विधानसभा के पांचों मंडलों में कार्यालय खोले जायेंगे। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को कहा कि इस समय प्रत्येक बूथ पर 75 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य रखें।

## सड़क का पुश्ता गिरने से दुर्घटना का बना खतरा

**टिहरी** : नैनबाग-श्रीकोट घोड़ाखोरी मोटर मार्ग पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के निकट सड़क का पुश्ता लगभग 8 माह से गिरा है। लेकिन विभाग इसकी सुध नहीं ले रहा है। जिससे खतरा बना हुआ है। पूर्व प्रधान व सामाजिक कार्यकर्ता गंभीर सिंह रावत का कहना है कि पुश्ते के निर्माण के लिए सम्बंधित लोनिवि के अधिकारियों को दर्जनों बार अवगत कराया गया है, लेकिन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। सड़क संकरी होने के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# निर्वाचन व्यवस्थाओं को पूरी लगन, निष्ठा एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करें : खुराना

## लोकसभा चुनाव तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली बैठक

जयन्त प्रतिनिधि।

**चमोली** : लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को वीसी के माध्यम से सभी रिटर्निंग ऑफिसर एवं नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्वाचन संबधी सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कहा कि निर्वाचन एक समयबद्ध प्रक्रिया होती है, सभी अधिकारी, कर्मचारी समय का विशेष ध्यान रखें और राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को संपन्न कराने हेतु सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण लगन एवं निष्ठा के साथ पूर्ण किया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि पुलिस एवं सेक्टर अधिकारी सभी वल्नरेबल एवं क्रिटिकल बूथों का संयुक्त निरीक्षण करते मैपिंग करना सुनिश्चित करें। मतदेय स्थलों पर रैम्प, पानी, विद्युत, शौड़, दरवाजे, खिड़की, फर्नीचर एवं अन्य जरूरी सुविधाओं को तत्काल बहाल किया जाए। आदर्श आचार संहिता लागू होने पर निर्धारित अवधि में की जाने वाली कार्रवाई हेतु समुचित व्यवस्थाएं अभी से की जाए। सेक्टर, जोनल एवं पोलिंग पार्टियों को ईवीएम, वीवीपैट वितरण के साथ पोलिंग पार्टियों का मूवमेंट प्लान तैयार किया जाए।



पोलिंग पार्टियों को गंतव्य स्थान पर सकुशल पहुंचाने तथा मतदान के पश्चात उनकी वापसी के लिए समुचित प्रबंधन किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि माइग्रेट मतदेय स्थल माणा, नीती, गमशाली, कैलाशपुर, झेलम, कोषा, जुम्मा, द्रोणागिरी तथा मलारी के मतदाताओं के सूची तैयार करते हुए उनके साथ ग्राम स्तर पर बैठक करते हुए मतदान हेतु समुचित व्यवस्थाएं की जाए। जनपद में 18-19 आयु वर्ग के युवाओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए 11 से 16 मार्च तक सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में शिविर लगाए जाए। पिछले निवाचन में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाए। प्रवासी मतदाताओं से संवाद कर मतदान के लिए बुलाया जाए।

निर्वाचन ड्यूटी में तैनात समस्त कार्मिकों को ईडीसी अथवा पोस्टल बैलेट से मतदान की समय से व्यवस्थाएं की जाए। दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता, जो बूथ पर आने जाने में बिल्कुल ही असक्षम है, उनके लिए घर-घर जाकर पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जाए। वीसी में पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, तीनों विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सभी एसडीएम सहित निर्वाचन की विभिन्न व्यवस्थाओं से जुड़े सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## कैबिनेट मंत्री का धरने में बैठे लोगों ने किया विरोध

श्रीनगर गढ़वाल : शुक्रवार को नगर निगम चौराहे पर पीपलचौरी में अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने को धरना 11 वें दिन भी जारी रहा। धरने में बैठी अंकिता की मां सोनी देवी और पिता वीरेंद्र भंडारी ने कहा कि जब तक सरकार वीआईपी पर जांच नहीं बिठाती और आशुतोष नेगी को रिहा नहीं करती तब तक वह धरने में बैठे रहेंगे। उधर, भाजपा विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का धरने में बैठे लोगों ने विरोध किया। इस दौरान उन्होंने सरकार और स्थानीय विधायक के खिलाफ नारेबाजी की।धरने को समर्थन देते हुए पूर्व प्रधान महड़ मानवेन्द्र प्रताप सिंह नेगी, मोहित डिमरी, यूकेडी के अर्जुन नेगी ने कहा कि अंकिता भंडारी प्रकरण को लेकर सरकार खामोश बैठी हुई है। साथ ही अंकिता भंडारी के न्याय के लिए लड़ रहे आशुतोष को एक अन्य मामले में सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया है। कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जहां महिलाओं का सम्मान किया जा रहा है, वहीं आज एक महिला अपनी बेटी के न्याय के लिए धरना दे रही है,जिसका सभी घोर विरोध करते है। धरना प्रदर्शन में निशा बिष्ट, केशव सिंह, मोनिका चौहान, संदीप कुमार, डॉ. मुकेश सेमवाल, बबीता, शिप्रा बडौला, सरस्वती देवी, सुमन, सुनीता बिष्ट, गुन्नी देवी, रेशमा, नितिन मलेठा, अरूण नेगी सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# जल्द डाक्टरों की तैनाती न होने पर महिलाएं करेंगी भूख हड़ताल

**टिहरी** : बालगंगा घाटी के सबसे बड़े अस्पताल सीएचसी बेलेश्वर में डॉक्टरों और तकनीकी स्टाफ की नियुक्ति की मांग को लेकर क्षेत्र की महिलाओं ने चमियाला बाजार से अस्पताल तक रैली निकालकर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर शीघ्र डॉक्टरों की तैनाती न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

शुक्रवार को स्वास्थ्य समन्वय समिति की अध्यक्ष ममता पंवार एवं महिला नेत्री मुन्नी बिष्ट के नेतृत्व में महिलाओ ने बैनर के साथ चमियाला बाजार से अस्पताल तक जुलूस निकालकर सरकार को व्यापक आंदोलन के लिए चेताया। अस्पताल में डाक्टरों व तकनीकी स्टाफ की मांग को लेकर 1 मार्च से क्रमिक अनशन पर बैठे वरिष्ठ नागरिक समिति को अपना समर्थन देते हुए समन्वय समिति की अध्यक्ष ममता पंवार ने कहा कि यहां स्वास्थ्य सुविधाएं न होने का सबसे अधिक खामियाजा महिलाओं को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने अपनी 30 नाली कृषि भूमि अस्पताल के लिए दान दी। ताकि उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके, लेकिन अस्पताल की दुर्दशा के चलते मात्र रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। उन्होंने 11 मार्च तक डॉक्टरों की नियुक्ति न होने पर भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी। आंदोलन को सभी संगठनों और राजनीतिक दलों का समर्थन मिल रहा है है। टिहरी जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश राणा, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष आशा रावत, पूर्व प्रमुख विजय गुनसोला, ममता उनियाल, मीना शाह, गीता सजवाण,अनिता शर्मा ने भी धरना स्थल पर जाकर अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक समिति के चंदन सिंह पोखरियाल, उम्मेद सिंह चौहान, रोशन लाल जोशी, विजयराम जोशी, वीरेंद्रदत्त सेमवाल, कुंवर सिंह रावत, भरत सिंह नेगी, सुंदर सिंह कठैत, धनवीर बिष्ट, केदार सिंह रौतेला, विनोदलाल शाह, दिनेश गैरोला, आनंद व्यास, गोविंद बडोनी, सब्बल सिंह बिष्ट, जसवीर नेगी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सीडीओ ने शक्ति योजना रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**टिहरी** : महिला दिवस पर सीडीओ अभिषेक त्रिपाठी ने मिशन शक्ति योजना के रथ को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्रों के लिए रवाना किया। यह रथ पूरे माह जनपद में महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित केंद्र तथा राज्य की संपूर्ण योजनाओं का प्रचार प्रसार करेगा। जिसमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना शामिल रहेंगी। इस रथ के माध्यम से जनपद में विभिन्न जगहों पर रुक कर योजना से लाभार्थी कैसे लाभ प्राप्त कर सकते हैं, की भी जानकारी दी जाएगी। (एजेंसी)

## महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में लगा भक्तों का तांता

**रूद्रप्रयाग** : जनपद में शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा और शिव भक्तों ने भगवान का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की मुख्यालय स्थित कोटेश्वर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लाइन लग गई। बड़ी संख्या में भक्तों ने अलकनंदा नदी का जल लेकर भगवान कोटेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। वहीं रुद्रनाथ मंदिर, पुंडेश्वर मंदिर पुनाड़ में भी बड़ संख्या में भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इधर, तिलवाड़ा के सूर्यप्रयाग, गंगतल महादेव, अगस्त्य मंदिर, ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ, रुच्छ महादेव, मक्कूमठ, गुप्तकाशी के विश्वनाथ मंदिर में भक्तों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की। शिव मंदिरों में भक्तों के लिए प्रसाद के रूप में भांग घोटा भी तैयार किया गया जिसे भक्तों ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किया।

# मतदाता जागरूकता के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुई महिला क्रिकेट प्रतियोगिता

जयन्त प्रतिनिधि।

**चमोली** : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के तहत खेल विभाग के तत्वाधान में पुलिस मैदान गोपेश्वर में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चार महिला क्रिकेट टीमों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान युवा खिलाड़ियों को मतदान का महत्व समझाते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच स्पोर्टस स्टेडियम गोपेश्वर एवं पीजी कॉलेज गोपेश्वर की



महिला टीमों के बीच खेला गया। स्पोर्टस स्टेडियम की महिला टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में दो विकेट खोकर 74 रन बनाए। जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए पीजी कॉलेज गोपेश्वर की टीम ने 8 ओवरों में 75 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीता। दूसरा मैच पुलिस और बी द चेंज यूथ ग्रुप गोपेश्वर की महिला टीमों के बीच हुआ। जिसमें पुलिस टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 126 रन बनाए। जबकि बी द चेंज ग्रुप गोपेश्वर की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित ओवरों में 77 रन ही बना सकी। फाइनल मैच पीजी कॉलेज गोपेश्वर और पुलिस की महिला टीमों के बीच खेला गया। जिसमें पुलिस टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 125 रन बनाए। जबकि पीजी कॉलेज की टीम 95 रन ही बना सकी। पुलिस टीम ने 30 रनों से प्रतियोगिता अपने नाम की। विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस प्रतियोगिता में यूथ ग्रुप की लक्ष्मी को उभरते हुए खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर पीजी कॉलेज की प्राचार्य अमित जयसवाल, आरआई पुलिस आनंद सिंह, क्रीड़ा अधिकारी जयवीर रावत, खेल विभाग के सीएओ विक्रम चौधरी, नारायण सिंह, राजपाल, उत्तम सिंह, लखपत सिंह, आशीष कुमार, मंयक, वीरेन्द्र, हिमांशु आदि मौजूद थे। मैच का आंखों देखा हाल शाहबाज अहमद द्वारा सुनाया गया।

## शिव मंदिरों में उमड़े भक्त

टिहरी : महाशिवरात्रि पर गंगा तीर्थ देवप्रयाग स्थित पंच महादेव में भगवान शिव के पूजन अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। तीर्थ नगरी में तड़के से ही अलकनंदा भागीरथी संगम पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। देवप्रयाग तीर्थ के पूर्व दिशा में धनेश्वर, दक्षिण में टोडेश्वर, पश्चिम में त्रां टकेश्वर, उत्तर में बेलेश्वर व मध्य मे भगवान राम के स्थापित आदि विश्वेश्वर महादेव में शिव भक्तों द्वारा पूजन किया गया। जबकि गंगा तट स्थित बागेश्वर महादेव के मेले में पौड़ी, टिहरी जिले से सैकड़ों लोग पहुंचे। यहां गंगा तट स्थित सरस्वती कुंड में स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। वहीं उमरेश्वर, बखलेश्वर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिरों में भी बड़ी संख्या में शिव भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की गयी। (एजेंसी)

## महिलाओं को केवल जागरूक होने की आवश्यकता : रतूड़ी

टिहरी : अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में महिला उत्सव मनाया गया। विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में हुए उत्सव में छात्राओं ने विशेष भागीदारी की। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक भौतिकी डॉ. पारुल रतूड़ी ने कहा कि आज के दौर में महिलायें मानसिक व आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर हैं। चुनौतियों का हंसकर सामना करने वालीं महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं। महिलाओं को केवल जागरूक होने की आवश्यकता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमारी ने कहा कि आज की नारी मजबूरियों को पीछे छोड़ के अपना मनोबल मजबूत करके तथा खुद को बेहतर सिद्ध करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही हैं। साथ ही अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करके कामयाबी के नित्य नए कीर्तिमान हासिल कर रही है। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने महिला जागृति से जुड़े गीतों व कविताओं का भी पाठ किया। (एजेंसी)

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पांच महिलाओं का सम्मान किया

टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के चमियाला नगर पंचायत क्षेत्र के वॉर्ड संख्या दो में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पांच महिलाओं में विनयलक्ष्मी व्यास, कलावती देवी, कौशल्या देवी, पार्वती देवी व पुष्पा देवी को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

चमियाला नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष ममता पंवार एवं महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव मुन्नी बिष्ट के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने अपने हक व अधिकारों पर चर्चा की। सरकार द्वारा उनके लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।

# पेयजल के राजकीयकरण पर कैबिनेट में हो फैसला

**देहरादून(सं)।** जल निगम जल संस्थान संयुक्त मोर्चा ने पेयजल के राजकीयकरण को लेकर दबाव तेज कर दिया है। मोर्चा पदाधिकारियों ने 11 मार्च को होने वाली कैबिनेट बैठक में पेयजल के राजकीयकरण पर फैसला लेने पर जोर दिया।

पेयजल का राजकीयकरण होने तक वेतन, पेंशन का भुगतान ट्रेजरी से किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने को भी दबाव बनाया। संयुक्त मोर्चा के संयोजक रमेश बिंजौला और विजय खाली ने कहा कि सरकार ने पेयजल कर्मचारियों को वेतन, पेंशन का भुगतान ट्रेजरी से किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए एक समिति का गठन किया गया है। समिति गठित किए जाने वाले पत्र में भी साफ किया गया है कि पेयजल के राजकीयकरण होने तक वेतन, पेंशन का नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

जल संस्थान कर्मचारी संघ के महामंत्री श्याम सिंह नेगी ने कहा कि जब सरकार खुद स्वीकार कर रही है कि वो पेयजल के राजकीयकरण को तैयार है। तो क्यों कैबिनेट से राजकीयकरण का आदेश नहीं किया जा रहा है। क्यों तत्काल राजकीयकरण पर सैद्धांतिक सहमति नहीं दी जा रही है। जल्द पेयजल के राजकीयकरण को सैद्धांतिक सहमति देने के साथ ही राजकीयकरण के आदेश करते हुए पेयजल सिस्टम को लेकर एक मजबूत व्यवस्था बनाई जाए।

मीडिया प्रभारी संदीप मल्होत्रा ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में अन्य राज्यों में पेयजल राजकीय विभाग ही है। पेयजल सबसे महत्वपूर्ण विषय है। इसी को ध्यान में रखते हुए अन्य राज्यों ने पेयजल को राजकीय विभाग बनाया है। उत्तराखंड में पेयजल को राजकीय विभाग बनाए जाने की सबसे अधिक जरूरत है। यहां पेयजल से जुड़े विभाग बिखरे पड़े हैं। उन सभी को एक प्लेटफार्म पर लाते हुए पेयजल के राजकीयकरण पर सरकार तत्काल फैसला ले।

## अस्पतालों की ओपीडी में नहीं बैठे डाक्टर, बैरंग लौटे मरीज

**देहरादून(सं)।** महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को कोरोनेशन, गांधी अस्पताल, रायपुर, प्रेमनगर, ऋषिकेश, डोईवाला, विकासनगर, सहसपुर समेत सभी सरकारी अस्पतालों की ओपीडी सूनी रही। डॉक्टर ओपीडी में नहीं बैठे। अस्पतालों में सिर्फ इमरजेंसी में ही चली। जिस कारण ओपीडी में आए मरीजों को बैरंग वापस लौटना पड़ा।सरकारी डॉक्टर अब तक सार्वजनिक अवकाश पर आधे दिन ओपीडी में मरीजों को देखते आए हैं। डॉक्टरों कहना है कि आधा दिन तक ओपीडी के संदर्भ में सरकार का कोई लिखित आदेश नहीं है। फिर भी डॉक्टर स्वयं ही आधा दिन ओपीडी में मौजूद रहते थे। लेकिन अब वह ऐसा नहीं करेंगे। उन्होंने शुक्रवार महाशिवरात्रि के सार्वजनिक अवकाश से इसकी शुरूआत कर दी है। शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी अस्पतालों की ओपीडी नहीं चली।

## सीएमओ कार्यालय से जांच की फाइल गायब, चार कर्मियों पर केस

**देहरादून(सं)।** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से एक कर्मचारी की जांच की फाइल गायब हो गई। मामले में जांच अधिकारी एसीएमओ दिनेश चौहान ने विभाग के चार कर्मचारियों के खिलाफ शहर कोतवाली में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसीएमओ दिनेश चौहान की ओर से बीते सात नवंबर को इस मामले में शहर कोतवाली में तहरीर दी गई थी। आरोप था कि वर्ष 2015 में मनोज कुमार बिष्ट आईएमए ब्लड बैंक तैनात थे। इनके खिलाफ विभागीय जांच बैठी। जांच फाइल की पत्रावलियां काफी समय से गायब हैं। इनका काफी तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं लगा। पुलिस को तब बिना किसी आरोपी के नाम के तहरीर दी गई। पुलिस ने विभाग को पत्र भेजकर मामले में आरोपियों के नाम मांगे थे। विभाग ने जांच के बाद कहा कि मनोज बिष्ट की जांच की पत्रावली प्रधान सहायक अजय कन्नौजिया (वर्तमान में कार्यालय स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय देहरादून में तैनात) के पास जुलाई 2018 तक थी। इसके बाद सीएमओ कार्यालय में तैनात रहे प्रधान सहायक रविंद्र डोगरा (वर्तमान तैनाती सीएमओ कार्यालय पौड़ी), कनिष्ठ सहायक अभिषेक त्रिपाठी और प्रधान सहायक अश्वनी आर्य ने जांच अनुभाग देखा। इनसे जानकारी करने पर इन पत्रावलियों का पता नहीं लगा। शहर कोतवाल कैलाश चंद्र भट्ट ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए अजय कन्नौजिया, रविंद्र डोगरा, अभिषेक त्रिपाठी और अश्वनी आर्य को आरोपी बनाया है।

# राज्य सरकार ओणेश्वर मेले को राज्य स्तरीय मेला घोषित करें

### तीन दिवसीय ओणेश्वर मेला शुरू

**टिहरी** : प्रतापनगर ब्लॉक के प्रमुख सिद्ध पीठ ओणेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महा शिवरात्रि से लगने वाले तीन दिवसीय मेले का रंगारंग आगाज हो गया है। शिवरात्रि के मौके पर भारी संख्या में लोगों ने आणेश्वर महादेव के दर्शन कर मन्नतें मांगी। स्थानीय लोगों ने ओणेश्वर महादेव के दर्शन के बाद मेले में जमकर खरीदारी की।

महाशिवरात्रि पर्व पर प्रतापनगर क्षेत्र मे पट्टी ओण के सिद्दपीठ ओणेश्वर महादेव मंदिर देवल, पट्टी भदूरा के कोटेश्वर महादेव मंदिर पुजारगांव, एवं पट्टी रौणद रमोली के पुजारगांव में प्रतिवर्ष लगने वाला मेला शुरू हो गया है। महा शिवरात्रि पर्व के पहले दिन बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने शिवालयों मे जलाभिषेक किया। मेले का शुभारंभ प्रतापनगर के ब्लॉक प्रमुख प्रदीप चंद रमोला ने ओणेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर किया। ब्लाक प्रमुख प्रदीप रमोला ने इस मौके पर कहा कि महाशिवरात्रि के पर्व पर प्रतापनगर क्षेत्र की तीन पट्टियों मे प्रतिवर्ष लगने वाले महाशिवरात्रि के मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर होने के साथ ही सुख, समृद्धि ओर सौहार्द के प्रतीक हैं। उन्होंने राज्य सरकार के ओणेश्वर मेले को राज्य स्तरीय मेला घोषित करने की मांग की। इस मौके पर ओणेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष द्वारिका भट्ट, ओणेश्वर महादेव के पशुवा पदम सिंह राणा, कोटेश्वर महादेव के पशुआ रेबत सिह पंवार, बीडीसी मेंबर हरि प्रसाद डिमरी, मनोज रमोला, साहब सिंह पोखरियाल, सरोप सिंह पंवार, कपिल जोशी, वीरचंद रमोला, सोहन पाल पंवार, प्रताप सिह पंवार, रोशन सिंह, गिरीश आर्य आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# मनीष खंडूड़ी ने कांग्रेस की सदस्यता से दिया त्यागपत्र

**देहरादून।** पिछली बार गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रहे मनीष खंडूड़ी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। इस्तीफा देने के बाद उनके मोबाइल नंबर बंद चल रहे हैं, फिलहाल उनके अगले कदम का पता नहीं चल पाया है। मनीष खंडूड़ी ने गुरुवार सुबह सोशल मीडिया के जरिए कांग्रेस से त्यागपत्र की जानकारी सार्वजनिक की है। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन प्रशासन मथुरा दत्त जोशी ने बताया कि इस्तीफा की सूचना सोशल मीडिया से ही मिली है, उनसे सम्पर्क करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन मोबाइल बंद होने से बात नहीं हो पा रही है। विदित है कि मनीष खंडूड़ी पूर्व सीएम और भाजपा नेता बीसी खंडूड़ी के बेटे हैं, जिन्होंने 2019 लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के जरिए अपना राजनैतिक करियर शुरू किया था। राहुल गांधी ने देहरादून में आयोजित जनसभा में उन्हें सदस्यता दिलाई थी, इसके बाद पार्टी ने उन्हें लोकसभा टिकट भी थमा दिया। हालांकि इसमें उन्हें भाजपा के तीरथ सिंह रावत से तीन लाख के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। इस बार भी पार्टी पैनल में उनके नाम होने की प्रबल संभावना थी, लेकिन इससे पहले ही उन्होंने कांग्रेस से किनारा कर लिया है।

## महिला दिवस: ग्राफिक एरा में महिला कर्मचारी सम्मानित

**देहरादून(सं)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी में महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। विवि के ऑडिटोरियम में शुक्रवार को समारोह आयोजित किया गया। ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसंस की वाइस चेयरपर्सन राखी घनशाला ने महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया। सफाईकर्मी अनीता ने कहा कि विवि की ओर से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।महिला प्रौद्योगिकी संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया। इलैक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग के साथ ही आईईईई डब्ल्यूआईटी चेप्टर की छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# जौनसार की 80 महिलाओं ने किया अमृत उद्यान का भ्रमण

**विकासनगर(सं)।** जौनसार बावर के जनजाति समुदाय की 80 महिलाओं ने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति ने महिलाओं का मनोबल बढ़ाया। जौनसार बावर की 80 महिलाओं का स्वयं–सहायता समूह अमृत उद्यान के भ्रमण के लिए इन दिनों नई दिल्ली प्रवास पर है। देशभर की अलग–अलग क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिए इन दिनों अमृत उद्यान भ्रमण के लिए खोला गया है। देहरादून जिले के कालसी और चकराता विकासखंड के विभिन्न ग्रामों की महिलाओं ने आजादी के 75 वर्ष पूरे होने और आजादी के अमृत वर्ष में तैयार किए गए अमृत उद्यान का भ्रमण किया। महिला समूहों की सदस्यों ने बताया कि राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान का भ्रमण एवं राष्ट्रपति से हुई मुलाकात से न केवल समूह का सम्मान बढ़ा बल्कि जौनसार बावर के



लिए भी गौरव का विषय है। इससे उन्हें नई ऊर्जा मिली है। उत्तराखंड शासन से निर्देश मिलने के बाद स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को नई दिल्ली राष्ट्रपति भवन में अमृत उद्यान दर्शन के लिए भेजा गया था। ये महिलाएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने को प्रयासरत हैं। समूह में एरिया कोऑर्डिनेटर नरेंद्र दत्त, सुनीता देवी, मनीष चौहान, अनिता चौहान, प्रभा देवी, रितु चौहान, कमला देवी, रिंकी तोमर, रेखा तोमर, शीला तोमर आदि शामिल हैं।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मांगे पूरी न होने तक जारी रखेगीं आंदोलन

**टिहरी :** मानदेय बढ़ाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना-प्रदर्शन शिवरात्रि के दिन भी जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद-244001 द्वारा निविदाकर्ताओ से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्टोनिक निविदा प्रणाली के अर्न्तगत भंण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 97245017A | आरडीएसओ डीआरजी.नं. कंट्रोल 9404, एस-2 एएलटी 7 के अनुसार पूर्ण कास्ट स्टील बोगी एमेंट नंबर के साथ विशेष विवरण संख्या CONTR-LCCF 20 (C) 96 REV 2 की पुष्टि। 1 फरवरी 2010, बीएलसी वैगनों के लिए सितंबर 2016 का संशोधन क्रमांक 2 | 05 Nos. | 26-MAR-24 |

**बयाना राशि :** 50740/- **अनुमानित मूल्य रु.:** 2537000/-

**नोट:-** पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्ते वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओ को ई.टेडर मे भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास III डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नही किया है) प्राप्त मान्य होगा। मेन्यूल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।

**पत्र. सं.:- 50-S/LP/2024 दिनांक: 07.03.2024** 731/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सम्पादकीय

## कांग्रेस संभाले अपना कुनबा

लोकसभा चुनाव से पूर्व उत्तराखंड की राजनीति में नेताओं के दल बदलने का क्रम शुरू हो गया है। इस कड़ी में कांग्रेस के टिकट पर गढ़वाल लोकसभा सीट के प्रत्याशी माने जाने वाले मनीष खंडूरी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। फिलहाल वह किस दल को चुनेंगे यह अभी स्पष्ट नहीं है लेकिन इतना जरूरी है कि उनके परिवार की पष्ठभूमि भाजपा से जुड़ी हुई रही है और इन परिस्थितियों में उनके भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की संभावना नजर आ रही है। देखा जाए तो मनीष खंडूरी का उत्तराखंड की राजनीति में कोई अधिक प्रभाव नहीं है और ना ही वह कोई मजबूत नेता समझे जाते हैं, सिवाय पूर्व मुख्यमंत्री भवन चंद खंडूरी के पुत्र होने के। यह माना जा सकता है कि भाजपा और मोदी के चेहरे पर इस बार उन्हें गढ़वाल सीट से उतारे जाने की कोशिश की जा रही है लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि पौड़ी सीट पर पहले से ही असमंजस की स्थिति बनी हुई है और हरिद्वार लोकसभा सीट के साथ–साथ पौड़ी सीट पर भी अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। उत्तराखंड कांग्रेस संगठन को फिलहाल अपना कुनबा संभालने की जरूरत है, उत्तराखंड की राजनीति में मनीष खंडूरी का कद भले ही कोई अधिक प्रभावशाली ना हो लेकिन यदि इस तरह से कांग्रेस से जुड़े लोग पार्टी को छोड़ेंगे तो यह आने वाले चुनाव में कांग्रेस के लिए भाजपा के खिलाफ संघर्ष करना काफी मुश्किल भरा साबित हो सकता है। कांग्रेस की ओर से अभी एक भी सीट पर अधिकृत तौर पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है, और चर्चा यह भी उठ रही है कि चुनाव से पूर्व कुछ और लोग कांग्रेस से अपनी असंतुष्टता का प्रदर्शन कर सकते हैं। इस सबके बीच अभी भी प्रदेश के अंदर कांग्रेस का वह राजनीतिक माहौल नजर नहीं आ रहा है जिसके लिए कांग्रेस पूर्व में जानी जाती थी। भारतीय जनता पार्टी ने काफी पहले चुनावों के मद्देनजर अपने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी का सम्मेलन किया था जबकि ब्लॉक तथा महानगर स्तर पर भी लगातार संपर्क अभियान शुरू कर दिया गया है। माहौल बनाना है तो कांग्रेस को भी अपने राजनीतिक संपर्क में अब तेजी दिखानी होगी, अन्यथा यदि इसी तरह पार्टी से जुड़े लोग जाने लगेंगे तो प्रचार प्रसार के कार्य में भी परेशानियां देखने को मिल सकती हैं। वर्तमान में उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है और भाजपा आश्वस्त है कि इस बार भी यह पांचो देते उसी की झोली में आएंगे। इन सभी सीटों पर कांग्रेस कहीं ना कहीं अपना प्रदर्शन सुधारने की कोशिश करेगी लेकिन उसके लिए सबसे पहले उसे अपने नेताओं को पार्टी में रोक कर रखना होगा।

## सवालों के घेरे में

भारतीय स्टेट बैंक ने इलेक्ट्रॉल बॉन्ड संबंधी याचिका देकर सुप्रीम कोर्ट के सामने भी अग्निपरीक्षा जैसी स्थिति खड़ी कर दी है। कोर्ट के सामने अब अपने निर्णय की प्रभावशीलता के साथ–साथ अपनी साख की रक्षा करने की भी चुनौती है।

भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट से इलेक्ट्रॉल बॉन्ड संबंधी सूचना देने की समय सीमा बढ़ाने की गुजारिश की है। उचित ही इस पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। सवाल सीधे केंद्र सरकार की मंशा पर हैं। यह मानने का तो कोई आधार नहीं है कि याचिका देने का फैसला स्टेट बैंक ने स्वायत्त रूप से और व्यावहारिक कारणों से लिया। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स संबंधी मामले पर सुनवाई के दौरान खुद स्टेट बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया था कि चंदादाताओं का विवरण सील किए लिफाफे में स्टेट बैंक की तयशुदा शाखाओं में रखा गया है।

उसने बताया था कि जब इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स को भुनाया जाएगा, तब उनका पे–इन स्लिप भी सील्ड कवर में रखा जाएगा और उसे स्टेट बैंक की मुंबई शाखा को भेज दिया जाएगा। इसलिए यह तर्क नहीं टिकता कि स्टेट बैंक को चंदादाताओं की सूची तैयार करने और उसका मिलान करने के लिए और तीन महीने और चाहिए। आम समझ है कि यह ब्योरा पेश करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने बैंक को पर्याप्त समय दिया है।मुद्दा इसलिए गरमा गया है, क्योंकि स्टेट बैंक ने यह सूचना देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा है। उसके पहले देश में आम चुनाव निपट चुका होगा। जबकि कोर्ट की तरफ से दी गई समयसीमा यानी इसी महीने जानकारी सामने आने पर संबंधित सूचना चुनाव के दौरान चर्चा का एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा बन सकती है। आखिर इससे पता चलेगा कि किस कारोबारी घराने ने किसे कितना चंदा दिया। उसके बाद सिविल सोसायटी उपलब्ध जानकारियों के मुताबिक यह आकलन करने की स्थिति में होगी कि क्या भाजपा को चंदा देने वालों को केंद्र ने कोई खास लाभ पहुंचाया है।

इस तरह इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स को लेकर उठे कथित लेन–देन के संदेह का निवारण हो सकेगा। अगर सरकार का दामन पाक–साफ है, तो उसे यह सूचना यथाशीघ्र सार्वजनिक करनी चाहिए।

# दस साल बाद भी विमान लापता है!

**श्रुति व्यास**

क्या आपको एमएच 370 याद है? वह फ्लाइट जो आकाश से अचानक गायब हो गई थी और जिसका फिर कुछ पता ही नहीं चला? इस विशाल हवाईजहाज़ का एक छोटा–सा टुकड़ा तक नहीं मिला। कोई खिडक़ी, पंख का टूटा हुआ हिस्सा, कोई कटा–फटा सूटकेस जिसमें मरने वाले के कपड़े अभी भी हों, कोई उखड़ी हुई सीट जिसमें एक क्षत–विक्षत कंकाल सीट बेल्ट से बंधा हो, उसकी निर्जीव उंगलियां हैंडल को पकड़े हुई हों और उसके मुंह पर आखिरी साँस लेने के ठीक पहले की ऐंठन हो। कुछ भी नहीं मिला। एकदम नहीं।

"आल राईट, गुड नाईट" ये वे आखिरी शब्द थे जो एमएच 370 से प्रसारित किये गए और 8 मार्च 2014 को एयर ट्रेफिक कण्ट्रोल द्वारा सुने गए। उस समय विमान थाईलैंड के फुकेट नामक द्वीप के नज़दीक था। और फिर न जाने क्या हुआ कि ये अत्याधुनिक बोईंग 737 अदृश्य हो गया। यह जहाज़ सेटेलाइट ट्रेकिंग और सतत संवाद के आधुनिकतम उपकरणों से लैस था। मगर फिर भी हमें नहीं पता कि वो कहाँ गया।9/11 से पहले से ही डरे हुए विमान यात्रियों के लिए यह घटना एक नया खौफ लेकर आई।




इस विमान के लापता होने के बाद के शुरूआती सालों में हर कोई उसके रहस्य पर से पर्दा उठाने में जुटा रहा। विमान के गायब होने के बाद कुछ दिनों तक उसके बारे में इतनी कम जानकारी उपलब्ध थी कि मध्य एशिया के कजाकिस्तान से लेकर अंटार्टिका तक के विशाल भूभाग में उसे खोजा जा रहा था। यह मामला लंबे समय तक सुर्खियों में बना रहा। अंततः विमान का क्या हुआ, वह कहाँ गिरा, दुर्घटना की वजह क्या थी, क्या कोई जिंदा बचा झ इस सबके बारे में कयास लगाए जाते रहे।

हर नई खबर और हर नई जानकारी विमान या उसके मलबे की खोज के लिए चल रहे अभियान में जनता की रूचि दुबारा जगा देती थी। घटना के बाद के हफ्तों, महीनों और सालों में उपग्रहों और रडार डाटा और यहां तक कि समुद्र की लहरों के प्रवाह की दिशा के विश्लेषण से खोज का इलाका सिमटकर छोटा होता गया। खोज अभियान में करोड़ों डालर खर्च हो गए। मामले का राजनीतिकरण भी हुआ और मलेशिया को खलनायक बताया गया। जितने मुंह उतनी बातें। तरह–तरह के कारण सुझाए गए। साजिशों की बात भी आई। जहाज़ के कप्तान को 239 यात्रियों का हत्यारा भी बताया गया। उनके परिवार को भद्दे तानों और गालियों का निशाना बनाया गया।

आज दस साल बाद भी उनका परिवार अलग–थलग रह रहा है। इसके अलावा यह आशंका भी व्यक्त की गई कि जहाज़ के गायब होने में किसी नापाक देश की किसी नापाक संस्था का हाथ है, जिसने या तो विमान को मार गिराया या उसे गायब करवा दिया। या विमान को किसी खुफिया जगह पर उतारा गया क्योंकि उसमें संवेदनशील प्रकृति का कोई सामान था या राजनैतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कोई व्यक्ति सवार था।

कई महीनों तक इसके लापता यात्रियों के बारे में जांच–पड़ताल चलती रही। ऐसे आरोप लगाए गए कि उनमें से किसी एक ने या उनमें से कुछ ने मिलकर विमान पर कब्जा कर उसके सभी यात्रियों को सामूहिक हत्या–आत्महत्या की साजिश का शिकार बना दिया। इसके अलावा कम नाटकीय वजहों पर भी विचार किया गया जिनमें किसी व्यक्ति का कोई हाथ न रहा हो, जैसे विद्युत प्रणाली का नाकाम हो जाना, आग लग जाना या काकपिट में अचानक वायु के दबाव में कमी आ जाना। ढ़ाई साल के विश्लेषण, कयासों, चर्चाओं और अनुमानों के बाद एमएच 370 ने टाईटन के डूबने की तरह एक ऐतिहासिक घटना का दर्जा हासिल कर लिया। कोरा पर एक अत्यंत जिज्ञासु व्यक्ति ने प्रश्न पोस्ट कियाः "क्या आप मानते हैं कि एमएच 370 के यात्री टीवी शो 'लॉस्ट' के पात्रों की तरह जीवित हैं?" एक आशावादी ने इसका जवाब दिया (जिसे 28 लाख लोगों ने पढ़ा) झ ''मैं व्यावहारिक तो हूँ लेकिन मैं यह विश्वास करना चाहता हूं कि इस विमान के यात्री 'लॉस्ट' की तरह जी रहे हैं"। 'लॉस्ट' सन 2004 से 2010 तक प्रसारित एक अमेरिकी टीवी सीरियल था जिसमें यह दिखाया गया था कि एक विमान, जो दुनिया के नजरों में क्रेश हो चुका है, के यात्री एक निर्जन द्वीप में रह रहे हैं।

आज दस साल बाद भी सवालों के जवाब किसी के पास नहीं हैं। दुनिया अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में मसरूफ है लेकिन बीच–बीच में उसे यह घटना याद हो आती है। मलेशिया, जो उस समय चाहता था कि इस मामले को भुला दिया जाए, ने घटना के दस साल पूरे होने के मौके पर घोषणा की है कि जांच दुबारा शुरू की जाएगी। सो, दस साल बाद भी घाव ताजा हैं। त्रासदी बार–बार याद आती है। और उसके रहस्य पर से पर्दा हटाने की इच्छा भी कायम है। यह मनुष्य का स्वभाव है कि कोई भी भयावह और रहस्यमय घटना एक बार मन में बैठ जाए तो वह जुनून बन जाती है। टाईटेनिक और एमएच 370 आज के दौर की गुत्थी हैं।विमान के यात्रियों के परिवारजन, जो अंतिम उत्तर का अब भी इंतजार कर रहे हैं, की उम्मीदें एक बार फिर जाग गई हैं।"भले ही 10 साल हो जाएं, 20 साल हो जाएं या उससे भी ज्यादा समय बीत जाए, जब तक हम जिंदा हैं तब तक हम सच्चाई को सामने लाने के लिए दबाव डालते रहेंगे। हमें विश्वास है कि अंततः सच सामने आएगा"।यह कहना है चीन के बाई ज्होंग का जिनकी पत्नि इस विमान में थीं। लेकिन दुःख झेल रहे अधिकांश लोगों का दृढ विश्वास है कि उन्हें अपने जीवन में कभी अपने सवालों का जवाब नहीं मिल पाएगा।लेकिन जब उम्मीद में इच्छा मिल जाए तो वह समय से साथ कमज़ोर नहीं पड़ती। एमएच 370 का गायब हो जाना भले ही एक ऐसा रहस्य हो जिस पर से पर्दा उठाना असंभव हो लेकिन उसे सुलझाने का संकल्प आने वाले कई दशकों तक कायम रहेगा। क्या मनुष्य ने उस टाइटैनिक के डूबने के बारे में सोचना बंद किया है जो कभी डूब नहीं सकता था?

# चुनाव क्या सिर्फ औपचारिकता?

**अजीत द्विवेदी**

तो क्या यह मान लिया जाए कि लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे तय हैं और चुनाव एक औपचारिकता भर है? क्या देश के लोगों ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को तीसरी बार शासन का मौका देने का फैसला कर लिया है? कम से कम प्रधानमंत्री की बातों से तो ऐसा ही लग रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में रविवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। करीब आठ घंटे चली इस बैठक में नई सरकार के सौ दिन के एजेंडे पर चर्चा होने की खबर है।



मीडिया में आई खबरों के मुताबिक मंत्रिपरिषद ने दीर्घकालिक लक्ष्य यानी 2047 में विकसित भारत बनाने के लक्ष्य पर विचार विमर्श किया और साथ ही नई सरकार के एक सौ दिन के लक्ष्य पर भी चर्चा की। कई मंत्रालयों के सौ दिन के एजेंडे पर प्रेजेंटेशन देने की खबर भी है। सवाल है कि क्या सचमुच नरेंद्र मोदी और उनके मंत्री मान रहे हैं कि तीसरी बार भी उनकी सरकार बनने जा रही है या मंत्रिपरिषद की बैठक से निकली खबरें चुनाव के लिए इस्तेमाल किए जा रहे किसी रणनीतिक दांव का हिस्सा हैं?आमतौर पर चुनाव नतीजों के बारे में इस तरह का सटीक अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि कौन जीत रहा है और किसकी हार हो रही है। इस मायने में चुनाव भी क्रिकेट की तरह गौरवशाली अनिश्चितताओं का खेल है। कई नेताओं ने सार्वजनिक रूप से और अनौपचारिक बातचीत में स्वीकार किया है कि जिस समय वे चुनाव जीतने के सबसे ज्यादा भरोसे में होते हैं उस बार चुनाव हार जाते हैं और जब लगता है कि कांटे का मुकाबला है तो चुनाव जीत जाते हैं।

यह व्यक्तियों और पार्टियों दोनों के मामले में सही है। पिछले ही साल के विधानसभा चुनावों मे कांग्रेस छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त थी तो बीआरएस को लग रहा था कि वह तेलंगाना हार ही नहीं सकती है। इन राज्यों के नतीजे सबको पता हैं।

अगर लोकसभा चुनावों की बात करें तो 2004 के नतीजों का सबको पता है। जैसे अभी भाजपा के नेता अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे हैं उसी तरह 2004 में भी अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के मंत्री अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे थे। 'देयर इज नो ऑल्टरनेटिव' यानी 'टीना' फैक्टर के आधार पर कहा जा रहा था कि अटल बिहारी वाजपेयी के मुकाबले कोई नहीं है। अंग्रेजी के बड़े पत्रकार लच्छेदार जुमलों में बता रहे थे कि 'सोनिया इज द ऑल्टरनेटिव सो देयर इज नो ऑल्टरनिव' यानी 'सीटा बनाम टीना' फैक्टर की चर्चा थी। दिसंबर 2003 में चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए थे, जिनमें से राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा जीती थी और उससे बनी लहर का इस्तेमाल करने के लिए वाजपेयी सरकार ने समय से पहले मई 2004 में लोकसभा चुनाव कराने का फैसला किया। 'शाइनिंग इंडिया' और 'फीलगुड' के मुद्दे पर चुनाव लड़ा गया और उसका भी नतीजा सबको पता है।ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस राजनीतिक इतिहास या चुनावी अनिश्चितताओं का अंदाजा नहीं है। लेकिन कई बार असीमित सत्ता और लोकप्रियता भ्रम पैदा करती है। आंखों के सामने परदा डाल देती है। तकनीक, आंकड़ों और मोदी के निजी करिश्मे से भाजपा की टीम ऐसा नैरेटिव बना रही है कि हैरानी नहीं होगी अगर सचमुच भाजपा नेता इस भरोसे में बैठे हों कि चुनाव जीत रहे हैं।

अगर ऐसा भरोसा है तो यह अति आत्मविश्वास नहीं, बल्कि उससे आगे की चीज है। इसे अहंकार कह सकते हैं। यह जनता और मतदाताओं को फॉर गारंटेड लेने या अपना पिछलग्गू मानने की सोच है। चुनाव प्रचार में किसी पार्टी द्वारा जीत का दावा करने और मंत्रिपरिषद की बैठक करके अपनी जीत की गारंटी बताने के बीच के फर्क को समझने की जरुरत है। पार्टियां चुनाव प्रचार में बड़ी से बड़ी जीत का दावा करती हैं, भरोसा जताती हैं, आत्मविश्वास दिखाती हैं लेकिन जब सरकार मंत्रिपरिषद की बैठक करके अगली सरकार का एजेंडा तय किया जाए तो उसे आत्मविश्वास नहीं कहेंगे। यह अति आत्मविश्वास से भी आगे की चीज है।तो क्या यह माना जाए कि प्रधानमंत्री मोदी में अहंकार आ गया है और वे मतदाताओं को फॉर गारटेंड मान रहे हैं? अगर ऐसा है तो फिर वोट मांगने जाने की भी क्या जरुरत है या मतदाता मालिकों के आगे सिर झुकाने, उन्हें अपना परिवार बताने और उनसे तीसरा मौका देने का अनुरोध करने की क्या जरुरत है? जाहिर है असलियत वह नहीं है, जो दिख रही है। भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री मोदी जो दिन–रात एक किए हुए हैं वह अलग कहानी बयां कर रही है। उससे ऐसा लग रहा है कि तीसरी बार की जो मुश्किलें होती हैं उनका सामना पार्टी कर रही है।

पार्टी के रणनीतिकारों को चुनौतियों का अंदाजा है। भाजपा के हर उम्मीदवार के सामने विपक्ष का एक साझा उम्मीदवार नहीं आए इसके लिए कांग्रेस सहित विपक्ष की हर पार्टी तोड़ी जा रही है। दूसरी पार्टियों के नेताओं को खुले दिल से भाजपा में आमंत्रित किया जा रहा है और उनकी हैसियत से हिसाब से राज्यसभा दी जा रही है या लोकसभा की टिकट दी जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा जिस राज्य में पहुंचने वाली होती है।

## कैबिनेट ने गरीबों को एलपीजी सब्सिडी के लिए 12,000 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तवर्ष 2024-25 के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत गरीबों के लिए प्रतिवर्ष 12 रिफिल तक 300 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर पर सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दे दी। वित्तवर्ष 2024-25 के लिए कुल खर्च 12,000 करोड़ रुपये होगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सब्सिडी सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाती है। 1 मार्च 2024 तक 10.27 करोड़ से अधिक पीएमयूवाई लाभार्थी हैं। ग्रामीण और वंचित गरीब परिवारों को तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी), एक स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने गरीब घरों की वयस्क महिलाओं को जमा-मुक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के लिए मई 2016 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू की।

भारत अपनी एलपीजी जरूरत का लगभग 60 फीसदी आयात करता है। पीएमयूवाई लाभार्थियों को एलपीजी की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव के प्रभाव से बचाने और पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी को अधिक किफायती बनाने के लिए सरकार ने मई 2022 में पीएमयूवाई उपभोक्ताओं को प्रतिवर्ष 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर 12 रिफिल तक 200 रुपये की सब्सिडी शुरू की (और 5 किलोग्राम कनेक्शन के लिए आनुपातिक रूप से आनुपातिक), जिससे उनके द्वारा एलपीजी का लगातार उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

## गोवा विधानसभा में एसटी को आरक्षण देने पर सीएम ने पीएम मोदी का जताया आभार

**पणजी ,(एजेंसी)।** केंद्र की मोदी सरकार ने हाल ही में गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजाति को आरक्षण दिलाने की दिशा में सीटों के समायोजन को मंजूरी दी है। इससे अनुसूचित जनजाति से जुड़े लोगों को राजनीति में मिलने वाला अवसर व्यापक हो गया है। केंद्र की ओर से मिली इस मंजूरी के बाद मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।

गोवा में पिछले कई सालों से अनुसूचित जाति के लोग विधानसभा में आरक्षण दिए जाने की मांग कर रहे थे। हाल ही में सीएम प्रमोद सावंत के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। सीएम सावंत ने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरे दिल से धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने विधानसभा में अनुसूचित जनजाति के लोगों को आरक्षण दिलाने की दिशा में सीटों के समायोजन को मंजूरी दी। इसके अलावा उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी गोवा के अनुसूचित जनजाति के लोगों को मदद करने के लिए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, यह गोवा के अनुसूचित जनजाति के समुदाय के लोगों की बड़ी जीत है।

## यूपी में महाशिवरात्रि की धूम, काशी विश्वनाथ और शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

**लखनऊ ,एजेंसी।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर उत्तर प्रदेश के शिव मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। इस अवसर पर बनारस के काशी विश्वनाथ मंदिर, बाराबंकी के महादेवा मंदिर और लखनऊ के मनकामेश्वर में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। यहां शिव से ही हर-हर महादेव की गूंज सुनाई दे रही है।

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र में गुरुवार की आधी रात के बाद से ही श्रद्धालुओं का रेला उमडना शुरू हो गया। महाशिवरात्रि की भोर में ही बाबा के दर्शन पाने के लिए श्रद्धालुओं ने सभी पांचों प्रवेश द्वारों पर लंबी-लंबी कतारें लगा ली।

बाराबंकी के श्री लोधेश्वर महादेवा में महाशिवरात्रि पर लगने वाले पारंपरिक मेले में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जलाभिषेक के लिए गुरुवार शाम से ही कतारें लग गईं।

# मेडिकल कालेज नाहन में रैगिंग, एंटी रैगिंग कमेटी ने जांच के बाद नौ प्रशिक्षु डाक्टर पाए दोषी






**नाहन, एजेंसी।** प्रदेश के सरकारी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े मेडिकल कालेज में शुमार जिला सिरमौर के नाहन स्थित डा. वाईएस परमार मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में रैगिंग का मामला सामने आया है। रैगिंग लेने वाले एमबीबीएस-2022 बैच के नौ प्रशिक्षु चिकित्सकों को 45 दिनों के लिए कालेज से निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा सभी नौ प्रशिक्षु चिकित्सकों को 50-50 हजार रुपए जुर्माना लगाने के साथ एक साल तक कालेज की गतिविधियों के लिए प्रतिबंधित किया गया है। बताया जा रहा है कि मेडिकल कालेज नाहन के एमबीबीएस-2022 बैच के नौ प्रशिक्षु चिकित्सकों ने एनाटोमी विभाग के एक प्रोफेसर से अनऑफिशियल अनुमति लेकर यह कहकर कक्षा में प्रवेश किया कि वह जूनियर छात्रों को गेट टूगैदर पार्टी में बुलाना चाहते हैं। सीनियर नौ छात्र एनाटोमी विभाग के डाईसेक्शन हॉल में गए तथा इस दौरान उन्होंने जूनियर प्रशिक्षु चिकित्सकों के साथ गाली-गलोज व दुर्व्यवहार किया। जूनियर प्रशिक्षु चिकित्सकों को यह व्यवहार पूरी तरह से रैगिंग का लगा, जिसके बाद एक प्रशिक्षु जूनियर चिकित्सक ने इसकी शिकायत व्हाट्सऐप पर मेडिकल कालेज प्रशासन को की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत मेडिकल कालेज की फैक्ट फाइडिंग कमेटी गठित की गई तथा वर्ष 2023 बैच के प्रशिक्षु चिकित्सकों के बयान कलमबद्ध किए गए। इसके अलावा जिन सीनियर प्रशिक्षु चिकित्सकों पर रैगिंग के आरोप लगे थे, उनके भी बयान कलमबद्ध किए गए। मेडिकल कालेज नाहन की एंटी रैगिंग कमेटी की आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें जिला प्रशासन की ओर से सहायक आयुक्त गौरव महाजन, डीएसपी मुख्यालय रमाकांत ठाकुर के अलावा मेडिकल कालेज नाहन के संयुक्त निदेशक कपिल तोमर, मेडिकल कालेज नाहन के प्रिंसीपल डा. राजीव तूली समेत एंटी रैगिंग कमेटी के करीब दो दर्जन पदाधिकारियों को बैठक में बुलाया गया। बैठक में रैगिंग के घटनाक्रम पर पूरी चर्चा के बाद सर्वसम्मति से एंटी रैगिंग कमेटी ने निर्णय लिया कि जूनियर प्रशिक्षु चिकित्सकों के बयान व फैक्ट फाइडिंग कमेटी की रिपोर्ट में एमबीबीएस वर्ष 2022 बैच के प्रशिक्षु नौ चिकित्सकों ने जूनियर छात्रों के साथ दुर्व्यवहार, गाली-गलोज व अन्य कुछ ऐसी हरकतें की हैं, जो रैगिंग के नियमों में आती हैं। इसके बाद आरोपियों को सजा सुनाई गई।

## लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की पहली लिस्ट आई

**नई दिल्ली , एजेंसी।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें राहुल गांधी से लेकर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम शामिल है। जहां राहुल को एक बार फिर वायनाड से उम्मीदवार बनाया गया है, वहीं बघेल राजनांदगांव से पार्टी के प्रत्याशी होंगे। इसके अलावा कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य रह चुके ताम्रध्वज साहू को भी पार्टी ने महासमुंद से मौका दिया है।

पार्टी के 39 बड़े नामों में से 15 प्रत्याशी सामान्य वर्ग से हैं। वहीं, एससी एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के 24 नेताओं को उम्मीदवार बनाया गया है।


कांग्रेस ने किसान न्याय, युवा न्याय और हिस्सेदारी न्याय पर भी अपने वादों को रखा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कांग्रेस की तरफ से किए गए वादों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमने कई वादे किए हैं। सरकार बनने पर कांग्रेस उन वादों को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना और कर्नाटक में हमने वादे पूरे किए हैं। हम 30 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा भी पूरा करेंगे।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, "हम हर जगह क्ठ्ठक्ठ्ठ गठबंधन के साथ जाने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अभी भी पश्चिम बंगाल, असम के कुछ हिस्सों में कुछ समस्याएं हैं।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मोदी का बड़ा तोहफा, सस्ता होगा घरेलू गैस सिलेंडर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपए की कटौती की घोषणा की और कि इससे देश भर के लाखों परिवारों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा, विशेषकर देश की नारी शक्ति इससे लाभान्वित होंगी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा कि आज महिला दिवस पर हमारी सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की कटौती करने का फैसला किया है। इससे देश भर के लाखों परिवारों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा, विशेषकर हमारी नारी शक्ति इससे लाभान्वित होंगी।उन्होंने आगे कहा कि रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर हमारा उद्देश्य परिवारों की भलाई और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना है। यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए जीवनयापन में आसानी सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इससे एक दिन पहले गुरुवार को केंद्र सरकार ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए उज्ज्वला योजना के तहत गरीब महिलाओं को 300 रुपए प्रति एलपीजी सिलेंडर सब्सिडी बढ़ाने की घोषणा की।

# रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती रोकने के लिए सरकार ने तेज की कार्रवाई, सीबीआई जांच शुरू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने रोजगार के रूसी सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती के मामलों पर कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। राजनयिक स्तर पर रूस की सरकार के साथ बातचीत करके कम से कम 20 भारतीयों को सेवामुक्त करके स्वदेश लाने के प्रयासों के साथ साथ देश में झूठ बोल कर भर्ती कराने वाले एजेंटों के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा कार्रवाई शुरू की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में पत्रकारों के इस विषय पर सवालों के जवाब में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, लगभग 20 लोगों ने हमसे संपर्क किया है और हम उनका पता लगाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। हम रूसी अधिकारियों के संपर्क में हैं। प्रवक्ता ने कहा कि जांच में पता चला है कि कई भारतीय नागरिकों को रूसी सेना के साथ काम करने के लिए धोखा दिया गया है। हमने ऐसे भारतीय नागरिकों की शीघ्र कार्यमुक्ति के लिए रूसी सरकार के साथ पूरी दृढ़ता एवं गंभीरता से यह मामला उठाया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा देश में झूठे बहानों और वादों पर भर्ती करने वाले एजेंटों और बेईमान तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की गई है।

सीबीआई ने कल कई शहरों में छापा मार कर और आपत्तिजनक साक्ष्य एकत्र करके एक प्रमुख मानव तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। कई एजेंटों के खिलाफ मानव तस्करी का मामला दर्ज किया गया है। श्री जायसवाल ने कहा कि हम एक बार फिर भारतीय नागरिकों से अपील करते हैं कि वे रूसी सेना में सहायक नौकरियों के लिए एजेंटों द्वारा दिए गए प्रस्तावों से प्रभावित न हों। यह जीवन के लिए खतरे और जोखिम से भरा है। हम रूसी सेना में सहायक स्टाफ के रूप में कार्यरत अपने नागरिकों की शीघ्र रिहाई और अंततः उनकी घर वापसी के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# सत्ता, संपत्ति में भागीदारी से होगा महिलाओं का सशक्तीकरण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई देते हुए कहा है कि सत्ता और संपत्ति में जब तक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी तब तक उनका सशक्तीकरण संभव नहीं है। श्री गांधी ने ट्वीट किया महिला दिवस पर सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

पिछले साल, भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कुछ बच्चियों से मिल कर उनसे उनकी आकांक्षाएं पूछी थी। अपेक्षा अनुसार उन्होंने चुनिंदा सुरक्षित करियर ऑप्शंस के बारे में बात की, कुछ जो समाज में लोकप्रिय हैं और कुछ जो उनके माता-पिता की आशाएं हैं। उन्हें आगे बढ़ाने के लिए इस बुलबुले से बाहर निकालना ज़रूरी है। इसी सोच के साथ उनकी इच्छा अनुसार कुछ को हेलिकॉप्टर की यात्रा करवाई और कुछ और को ऑपरेशन थियेटर में सर्जरी दिखाई। अब उनसे फिर से मुलाकात हुई और आज उनका आत्मविश्वास अलग आयाम पर है झ कुछ नया करने का जज़्बा है, आसमान छू लेने की अभिलाषा है।

### राहुल और प्रियंका गांधी का ट्वीट

उन्होंने कहा कि भारत की बेटियों की कल्पना का दायरा बढ़ाना और नए विकल्प प्रस्तुत करना हमारी जिम्मेदारी है और उनका अधिकार झ और इसे पूरा करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि सत्ता और संपत्ति में भागीदारी ही असली सशक्तिकरण है। इनमें महिलाओं की समुचित भागीदारी समय की मांग है। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आइए संकल्प लें कि हम देश चलाने में महिलाओं की भागीदारी, उनका हक, सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। सभी बहनों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

## राष्ट्रपति रहते चीन की जिस कंपनी को देश के लिए खतरा बताया, आज उसी के मुरीद हुए डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फेसबुक के मुकाबले चीन की टिकटॉक कंपनी की जमकर सराहना की। श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल मीडिया पर कहा कि अगर आप टिकटॉक से छुटकारा पाते हैं, तो फेसबुक अपना कारोबार दोगुना कर लेगा। उन्होंने कहा कि फेसबुक ने पिछले चुनाव में जमकर धोखाधड़ी की।

पूर्व राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि अमरीका ने सभी अमरीकी सरकारी उपकरणों और कुछ राज्य सरकार के उपकरणों पर टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा दिया। इससे पहले यूएस हाउस कमेटी ऑन एनर्जी एंड कॉमर्स ने टिकटॉक जैसे ऐप्स को लक्षित करने वाले विदेशी विरोधी नियंत्रित अनुप्रयोगों के निषेध अधिनियम और डेटा दलालों को रोकने पर ध्यान केंद्रित करते हुए विदेशी विरोधियों से अमरीकियों के डेटा की रक्षा करने वाले अधिनियम दोनों को आगे बढ़ाने के लिए 50-0 से मतदान किया।

# रोहित और गिल की शतकीय पारी, भारत को 255 रन की बढ़त

**धर्मशाला, एजेंसी।** कप्तान रोहित शर्मा 103 रन और शुभमन गिल 110 रनों की शतकीय पारी के बाद सरफराज खान तथा देवदत्त पड्डिक्कल की अर्धशतकीय पारियों की मदद से भारत ने पांचवें टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक आठ विकेट पर 473 का स्कोर बनाते हुए 255 रनों की बढ़त के साथ मैच पर मजबूत पकड़ बना ली है।कप्तान रोहित शर्मा 103 रन और शुभमन गिल 110 रन बनाकर आउट हुए हैं। सरफराज नाबाद 56 रन और देवदत्त 65 रन, रवींद्र जाडेजा 15 रन, ध्रुव जुरेल 15 रन रन बनाकर आउट हुये। सरफराज ने अपने टेस्ट करियर का तीसरा अर्धशतक लगाया है। आर अश्विन अपना खाता भी नहीं खोल सके। भारत ने कल के एक विकेट पर 135 रनों से आगे खेलते हुए दूसरे दिन के पहले सत्र में रोहित और शुभमन ने 150



रनों से अधिक की साझेदारी करते हुए 246 रन बना लिए। इस सत्र 30 ओवर में भारत ने 129 रन बनाए।

इस दौरान रोहित और गिल ने अपने-अपने शतक पूरे किए। रोहित ने 162 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्कों की मदद से 103 रन बनाए। वहीं गिल ने 150 गेंदो में 12 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 110 रन बनाए। दिन का खेल समाप्त होने के समय कुलदीप यादव नाबाद 27 और जसप्रीत बुमराह नाबाद 19 रन बनाकर क्रीज पर हैं और भारत की बढ़त 255 रन हो गई है। शोएब बशीर को चार विकेट मिले। हार्टली ने दो विकेट लिये। जेम्स एंडरसन,बेन स्टोक्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# विलियमसन और साउदी ने क्राइस्टचर्च में खेला अपना 100वां टेस्ट

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** कीवी बल्लेबाज केन विलियमसन और दाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज टिम साउदी ने शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड के लिए अपना 100वां टेस्ट मैच खेला।टिम साउदी और केन विलियमसन दोनों ही न्यूजीलैंड के महान खिलाड़ी हैं। इन दोनों ने अपना 50वां टेस्ट मैच भी एक साथ खेला था और अब 100वां भी।

न्यूजीलैंड के अग्रणी टेस्ट रन-स्कोरर विलियमसन और प्रारूप में टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले साउदी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। साथ ही वो 100-टेस्ट मैच खेलने वाले पांचवें और छठे ब्लैककैप खिलाड़ी बन गए।ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा, इतने साल तक अपनी फॉर्म बरकरार रखना बहुत बड़ी उपलब्धि है, बल्कि इसके लिए आपको 100 टेस्ट मैच खेलने की जरूरत होती है। कमिंस ने टेस्ट से पहले साउदी की तारीफ की और कहा कि केन के खिलाफ खेलना हमेशा शानदार रहा है।चाहे कोई भी प्रारूप हो वह हमेशा एक बड़े विकेट रहे हैं।विलियमसन के टेस्ट में 8675 रन हैं, जो न्यूजीलैंड के लिए दूसरे सर्वश्रेष्ठ रॉस टेलर से काफी आगे हैं और इस प्रारूप में उनका औसत 55.25 है। किसी अन्य सक्रिय खिलाड़ी के पास विलियमसन के 32 से अधिक टेस्ट शतक नहीं हैं। इस बीच, साउदी के नाम 378 टेस्ट विकेट हैं और वह कीवी गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने के रिचर्ड हैडली के रिकॉर्ड को तोड़ने से सिर्फ 54 विकेट दूर हैं।

## भारत बनाम इंग्लैंड: शुभमन गिल ने लगाया अपने टेस्ट करियर का चौथा शतक

**धर्मशाला, एजेंसी।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ धर्मशाला में खेले जा रहे टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम के शुभमन गिल ने अपनी पहली पारी में शानदार शतक (110) लगाया है।गिल का यह टेस्ट करियर का चौथा और मौजूदा सीरीज में दूसरा शतक है। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ मिलकर बड़ी साझेदारी की है। रोहित ने भी शतक (103) जड़ा है।इससे पहले उन्होंने विशाखापट्टनम टेस्ट में भी 104 रन की शतकीय पारी खेली थी।भारत ने जब 104 रन के स्कोर पर यशस्वी जायसवाल (57) का विकेट गंवाया था, तब गिल क्रीज पर आए।उन्होंने इंग्लैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर ली और 64 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया।उन्होंने कमजोर गेंदों पर आकर्षक शॉट लगाए और अर्धशतक को शतक में तब्दील किया। उन्होंने रोहित के साथ दूसरे विकेट के लिए 171 रनों की साझेदारी निभाई।वह 150 गेंदों में 110 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 12 चौके और 5 छक्के भी जड़े।गिल ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2020 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था।उन्होंने अब तक भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 25 टेस्ट मैच खेले हैं, इसकी 46 पारियों में उन्होंने 35.52 की औसत से 1,492 रन अपने नाम कर लिए हैं।इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 128 रन रहा है।

# पेरिस ओलंपिक के लिए पूरी तरह तैयार, भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने किया दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने दावा किया है कि 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए टीम मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह तैयार है। एक इकाई के रूप में दुनिया की किसी भी टीम को हराने की कुव्वत रखती है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने पेरिस ओलंपिक टूर्नामेंट के लिए बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम का अनावरण किया।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में



भारतीय टीम 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि 30 जुलाई और एक अगस्त को आयरलैंड और बेल्जियम से भिड़ने से पहले भारत 29 जुलाई को अर्जेंटीना से भिड़ेगा। टीम अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मैच दो अगस्त को शक्तिशाली आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी। हरमनप्रीत ने कहा, पूल बी में प्रतिस्पर्धा करना चुनौतीपूर्ण होने वाला है, क्योंकि हर टीम को किसी भी दिन विजयी होने की निर्विवाद क्षमता है।

## टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन 1 अप्रैल से महंगे हो जाएंगे

**मुंबई ,एजेंसी ।** टाटा मोटर्स ने घोषणा की कि वह 1 अप्रैल से अपने विभिन्न मॉडलों में वाणिज्यिक वाहनों की कीमत 2 प्रतिशत तक बढ़ाएगी।

कंपनी ने कहा, मूल्यवृद्धि पिछली इनपुट लागतों के अवशिष्ट प्रभाव की भरपाई कर देगी। हालांकि कीमत में बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल और वेरिएंट के अनुसार अलग-अलग होगी, यह वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी।

टाटा मोटर्स कारों, उपयोगिता वाहनों, पिक-अप, ट्रकों और बसों की अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माता है।

# आईपीएल के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेंगे विकेटकीपर दिनेश कार्तिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सत्र में अंतिम बार इस लुभावनी लीग में खेलने की तैयारी रहे हैं और इस टी-20 लीग के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु की ओर से खेलने वाले 38 वर्षीय कार्तिक 2008 से आईपीएल के सभी 16 सत्र में खेले हैं।



इस दौरान 16 सत्र में वह सिर्फ दो मैच नहीं खेले। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया, 2024 सत्र उनका (दिनेश कार्तिक का) आखिरी आईपीएल होगा। वह आईपीएल के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। आईपीएल में सबसे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाजों में से एक कार्तिक ने लीग में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया है।

## रोहित शर्मा ने धर्मशाला में लगाई 48वीं सेंचुरी, लगा दी रिकॉर्ड्स की झड़ी

**धर्मशाला, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे धर्मशाला टेस्ट में रोहित शर्मा नाम का तूफान आ गया है. भारतीय कप्तान रोहित ने कमाल की बल्लेबाजी करते हुए धर्मशाला में 32वां टेस्ट शतक जड़ दिया है. हिटमैन की इस पारी ने ना केवल टीम इंडिया को मजबूत स्थिति में पहुंचाया है, बल्कि रिकॉर्ड्स की झड़ी भी लगा दी है.धर्मशाला में खेले जा रहे टेस्ट मैच में टीम इंडिया कमाल का प्रदर्शन कर रही है. खेल के दूसरे दिन भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने 155 गेंदों में शतक जड़ दिया है।

उन्होंने अपनी इस पारी में 13 चौके लगाए और 3 छक्के भी जड़े और उनका स्ट्राइक रेट 63.75 से रन बनाए हैं.

# बांग्लादेश बनाम श्रीलंका: तीसरे टी-20 मैच की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और अहम आंकड़े

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम और श्रीलंका क्रिकेट टीम के बीच टी-20 सीरीज का तीसरा मैच 9 मार्च को खेला जाएगा। इस समय सीरीज 1-1 से बराबरी पर है और ऐसे में आखिरी मैच निर्णायक रहने वाला है।बांग्लादेश ने अब तक श्रीलंका के विरुद्ध कोई टी-20 सीरीज नहीं जीती है और मेजबान टीम के पास नया इतिहास लिखने का सुनहरा मौका होगा।इस मुकाबले की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और अन्य बातों के बारे में जानते हैं।

दूसरे टी-20 में बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शान्तो ने अर्धशतक लगाकर जीत दिलाई थी। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज लिटन दास ने भी अच्छी बल्लेबाजी की थी।बांग्लादेशी टीम सीरीज के लिहाज से महत्वपूर्ण मैच में भी अपने प्रमुख खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।संभावित एकादश: लिटन दास (विकेटकीपर), सौम्या सरकार, नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), तौहीद हृदोय, महमुदुल्लाह, जाकिर अली, मेहदी हसन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम और रिशाद हुसैन।

आखिरी टी-20 मैच के लिए श्रीलंकाई टीम में वनिंदु हसरंगा की वापसी होगी। वह प्रतिबंध के चलते शुरुआती 2 मैचों के लिए उपलब्ध नहीं थे। उनकी वापसी से निश्चित तौर पर टीम को मजबूती मिलेगी।अविष्का फर्नांडो ने दोनों मैचों में निराश किया है। उन पर नजरें रहने वाली हैं।संभावित एकादशः अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), कामिंदु मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, चरिथ असलांका, एंजेलो मैथ्यूज, वनिंदु हसरंगा (कप्तान), महेश तीक्ष्णा, दिलशान मदुशंका, बिनुरा फर्नांडो और मथीशा पथिराना।

दोनों टीमों की भिड़ंत में श्रीलंका का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों टीमें कुल 15 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में आमने-सामने हुई है, जिसमें से 10 में श्रीलंका ने जीत दर्ज की है, जबकि 5 में बांग्लादेश ने जीत हासिल की है।पिछली 7 भिड़ंत में से 4 में श्रीलंका ने जीत दर्ज की है और 3 में शिकस्त झेली है।

# महिला दिवस: डब्ल्यूपीएल ने भारत में महिला क्रिकेट को दी नई पहचान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला दिवस के मौके पर हर कोई महिलाओं के सम्मान में नतमस्तक है। हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी काबिलियत साबित की। देश की सुरक्षा, कॉर्पोरेट सेक्टर, मेडिकल साइंस या खेल हर जगह महिलाओं का बोलबाला नजर आया। वहीं काफी समय से अपनी पहचान तलाश रही भारतीय महिला क्रिकेटरों ने देर से ही सही लेकिन एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया।

महिला दिवस के मौके पर हम बात कर रहे हैं कि कैसे डब्ल्यूपीएल महिला क्रिकेट के लिए वरदान साबित हुआ।

साल 2023 को भारत में महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष माना जा सकता है। शैफाली वर्मा की कप्तानी में भारत ने दक्षिण अफ्रीका में उद्घाटन महिला अंडर 19 विश्व कप जीतकर एक खास उपलब्धि हासिल की।

फिर, सीनियर महिला टीम ने चीन के हांगझोऊमें एशियाई खेलों के टी20 डेब्यू में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता।

इसके बाद उसने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 साल के अंतराल के बाद घरेलू मैदान पर टेस्ट खेला और जीत हासिल की। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई ने पुरुष और महिला अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए मैच-फीस समानता की घोषणा की थी।

लेकिन अगर कोई एक क्षण है जो इस मामले में शीर्ष स्थान लेता है, तो वह 4 मार्च को नवी मुंबई में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की शुरुआत है।

कई क्रिकेटरों और महिला क्रिकेट की दिग्गजों की लंबे समय से चली आ रही इच्छा आखिरकार पूरी हो गई है। यह एक वास्तविकता बन गया, जिसने हर ओर से सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

डब्ल्यूपीएल 2023 के दौरान मुंबई और नवी मुंबई में स्टेडियम खचाखच भीड़ से भरे हुए थे, जो भारत में महिला क्रिकेट के लिए भारी समर्थन को दर्शाता है। इस साल के डब्ल्यूपीएल में बीसीसीआई ने टूर्नामेंट को दो नए स्थानों - बेंगलुरु और नई दिल्ली में आयोजित किया है जिसमें प्रत्येक स्थान पर 11 मैचों की मेजबानी की गई है।

पिछले वर्ष के विपरीत, जहां महिला दर्शकों को मुफ्त प्रवेश दिया गया था, अब आयोजन स्थलों पर कोई भी मैच देखने के लिए टिकट अनिवार्य है।

जयन्त

संस्थापक

नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और

सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित

RNI No.UTTHIN/2005/16338